प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
रविवार 23 जून 2024
● वर्ष 02 ● अंक 134
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया
37 वर्ष 1987-2023
श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते

# श्रमबिन्दु

रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र



डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 | E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in | आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88



## गुरुग्रामः फैक्ट्री में बॉयलर फटने से भीषण विस्फोट
# नौ लोगों की मौत, कई मलबे में दबे

**गुरुग्राम /एजेंसी।**

गुरुग्राम के दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में संचालित एक फैक्ट्री में शनिवार सुबह जोरदार धमाका हुआ। इस धमाके में नौ व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दर्जनों मजदूर मलबे में दबे हुए हैं। बताया जा रहा है कि बॉयलर फटने से हादसा हुआ है। फिलहाल मौके पर पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम मौजूद है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।
वहीं, ब्लास्ट के बाद फायर ब्रिगेड की 10 गाडियां मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ की टीम की ओर से रेस्क्यू किया जा रहा है। बता दें कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 2:30 बजे हुआ था। फायरबॉल बनाने की फैक्ट्री में धमका हुआ था।
उस फैक्ट्री के साथ लगती दो और फैक्ट्री भी आग की चपेट में आ गए। बचाव कार्य करने के दौरान अभी भी छोटे धमाके हो रहे हैं।

# पेपर लीक पर 10 साल की कैद, एक करोड़ तक जुर्माना

## देश में देर रात लागू हुआ कानून

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने देश में एंटी पेपर लीक कानून लागू कर दिया है। सरकार ने शुक्रवार देर रात को इस कानून को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया। सरकार ने शुक्रवार को सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 को अधिसूचित किया, जिसका उद्देश्य देश भर में आयोजित होने वाले प्रतियोगी और सामान्य प्रवेश परीक्षाओं में फर्जीवाड़े को रोकना है।
इस साल फरवरी में संसद से यह कानून पारित हुआ था, जो 21 जून 2024 से प्रभाव में आ गया है। इस कानून के तहत सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली धोखाधड़ी (नकल) पर अंकुश लगाने के लिए न्यूनतम 3 से 5 साल की कैद की सजा का प्रस्ताव है और पेपर लीक गिरोह में शामिल लोगों को 5 से 10 साल की कैद और न्यूनतम 1 करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई संगठित अपराध करता है, जिसमें परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था, सेवा प्रदाता, या कोई अन्य संस्थान शामिल है, तो उन्हें कम से कम 5



साल की कैद की सजा दी जाएगी, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है।
कानून कहता है कि जुर्माना 1 करोड़ रुपये से कम नहीं होगा। किसी संस्थान के संगठित पेपर लीक अपराध में शामिल पाए जाने पर उसकी संपत्ति कुर्क करने और जब्त करने का भी प्रावधान कानून में है और परीक्षा की लागत भी उस संस्थान से वसूली जाएगी। हालांकि, यह कानून परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को दंडात्मक प्रावधानों से बचाता है। अगर कोई अभ्यर्थी परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग करता हुआ पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई होगी।
कानून'अनुचित साधनों' को, पेपर या आंसर की लीक करना, अनधिकृत संचार के माध्यम से परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों की सहायता करना, कंप्यूटर नेटवर्क या अन्य उपकरणों के साथ छेड़छाड़ करना, प्रॉक्सी उम्मीदवार बैठाना (किसी सॉल्वर को कैंडीडेट की जगह परीक्षा में बैठाना), फर्जी परीक्षा आयोजित कराना, परीक्षा सूची या रैंक को लेकर नकली दस्तावेज जारी करना और योग्यता दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करने के रूप में परिभाषित करता है।
सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के अंतर्गत आने वाले अपराध गैर-जमानती हैं। डीएसपी (पुलिस उपाधीक्षक) या एसीपी (सहायक पुलिस आयुक्त) रैंक का अधिकारी अधिनियम के तहत किसी भी अपराध की जांच कर सकता है। इसके अतिरिक्त, केंद्र सरकार के पास किसी भी जांच को केंद्रीय एजेंसी को सौंपने की शक्ति है। यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं और एनटीए द्वारा आयोजित सभी कंप्यूटर-आधारित परीक्षाएं इस अधिनियम के अंतर्गत आती हैं।

## बिहार में 26 जून से होने वाली शिक्षक सक्षमता परीक्षा स्थगित

### जल्द घोषित की जाएगी नई तिथि




**पटना/एजेंसी।**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने 26 से 28 जून तक होने वाली दूसरी शिक्षक सक्षमता परीक्षा स्थगित कर दी है। समिति ने अपरिहार्य कारणों से परीक्षा स्थगित करने की बात कही है।
दरअसल, बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से प्रधान शिक्षक के पदों पर नियुक्ति के लिए भी परीक्षा 28 और 29 जून को होनी है। कई शिक्षक संगठनों ने दोनों परीक्षाओं की तिथि एक साथ होने के कारण तिथि बढ़ाने की मांग की थी। माना जा रहा है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इसी कारण परीक्षा स्थगित की है।
समिति द्वारा आयोजित परीक्षा में 85 हजार से भी अधिक शिक्षक शामिल होंगे। समिति के अनुसार, स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा 2024-द्वितीय जो 26 से 28 जून के बीच आयोजित की जानी थी, उसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।
परीक्षा का प्रवेश पत्र हालांकि शुक्रवार को ही जारी किया गया था। प्राथमिक विद्यालय के (कक्षा एक से पांच) शिक्षक अभ्यर्थियों, मध्य विद्यालय के (कक्षा छह से आठ) के शिक्षक अभ्यर्थियों, माध्यमिक विद्यालय के (कक्षा नौवीं से 10वीं) के शिक्षक अभ्यर्थियों एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के (कक्षा 11वीं से 12वीं) के शिक्षकों के लिए परीक्षा आयोजित की जानी है। परीक्षा में 2:30 घंटे में 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। बताया गया कि जल्द ही नई तिथि की घोषणा की जाएगी।
बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से प्रधान शिक्षक के पदों पर नियुक्ति के लिए भी परीक्षा 28 और 29 जून को होनी है। वह निर्धारित समय पर होगी।

## न्यूज़ अपडेट

### नहीं रहे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाने वाले पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित

**अयोध्या/एजेंसी।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाने वाले पंडित लक्ष्मीकांत दीक्षित का निधन हो गया है। लक्ष्मीकांत दीक्षित (86 वर्षीय) लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। लक्ष्मीकांत दीक्षित वाराणसी के मीरघाट स्थित सांगवेद महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य थे। इस विश्वविद्यालय की स्थापना काशी नरेश के सहयोग से की गई थी। आचार्य लक्ष्मीकांत की गिनती काशी में यजुर्वेद के बड़े विद्वानों में होती थी। लक्ष्मीकांत दीक्षित पूजा पद्धति में भी सिद्धहस्त माने जाते थे। लक्ष्मीकांत दीक्षित ने वेद और अनुष्ठानों की दीक्षा अपने चाचा गणेश दीक्षित भट्ट से ली थी। महाराष्ट्र के शोलापुर जिले के जेऊर के रहने वाले लक्ष्मीकांत दीक्षित का परिवार कई पीढ़ियों पहले काशी में आ कर बस गया था। उनके पूर्वजों ने नागपुर और नासिक रियासतों में भी धार्मिक अनुष्ठान कराए हैं. लक्ष्मीकांत के बेटे इसे पहले सुनील दीक्षित ने बताया था कि उनके पूर्वजों ने ही शिवजी महाराज का राज्याभिषेक भी करवाया था।

### राजभवन-सरकार की खींचतान में बंगाल के दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ पर 'ग्रहण

**कोलकाता/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण समारोह पर संशय बरकरार है। इस बीच, विधानसभा के सचिव ने राजभवन को नये सिरे से पत्र लिखकर समारोह की जल्द मंजूरी का आग्रह किया है। विधानसभा सचिव ने राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के कार्यालय को दूसरी बार इस तरह का पत्र भेजा है। पहला पत्र 15 जून को भेजा गया था। तृणमूल कांग्रेस के रैयत हुसैन सरकार भगवान गोला विधानसभा सीट से और सयंतिका बनर्जी बारानगर सीट से उपचुनावों में विजयी हुई थीं। सूत्रों ने बताया कि उनके निर्वाचन को 18 दिन बीत गये हैं, लेकिन उनका शपथ ग्रहण नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय और राजभवन के बीच 'तकनीकी गड़बडियों' में अटक गया है। राजभवन के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि राज्यपाल कार्यालय को प्राप्त दोनों पत्रों में प्रक्रियागत खामियां हैं। नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के लिए राज्य के संसदीय कार्य विभाग से राजभवन में राज्यपाल कार्यालय को संदेश भेजा जाना है, न कि विधानसभा सचिव की तरफ से। उन्होंने बताया कि पहले पत्र के बाद राज्यपाल कार्यालय ने विधानसभा को एक पत्र भेजकर सदन में वरिष्ठतम सदस्यों की संख्या, अनुसूचित जाति या जनजाति के विधायकों की संख्या आदि के बारे में जानकारी मांगी थी।


### अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत के लिए 'प्रथम पूजा' की

**श्रीनगर/एजेंसी।** हिंदुओं के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक अमरनाथ गुफा में शनिवार को 'प्रथम पूजा' की गई। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अध्यक्ष तथा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, आज वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा के औपचारिक शुभारंभ के अवसर पर प्रथम पूजा की गई। बाबा अमरनाथ जी का आशीर्वाद लिया और सभी लोगों के अच्छे स्वास्थ्य, प्रगति और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।
उन्होंने कहा कि कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर की पवित्र तीर्थयात्रा हमेशा सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक रही है क्योंकि स्थानीय मुसलमान यात्रियों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में मदद करते हैं।

## एक्शन में चंद्रबाबू नायडू, पूर्व सीएम जगनमोहन रेड्डी का केंद्रीय पार्टी कार्यालय करवाया ध्वस्त

**अमरावती/एजेंसी।**

गुंटूर जिले के ताड़ेपल्ली में वाईएस-ाआर कांग्रेस पार्टी के निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय को कथित अवैध निर्माण के चलते शनिवार तड×के नगर निगम अधिकारियों ने ध्वस्त कर दिया। मंगलगिरी-ताडेपल्ली नगर निगम (एमटीएमसी) के अधिकारियों ने सुबह करीब 5:30 बजे कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्यालय ध्वस्तीकरण में कई बुलडोजरों को लगाया गया था। देखते ही देखते कुछ देर में बुलडोजरों ने कार्यालय को जमींदोज कर दिया।
कैपिटल रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (सीआरडीए) ने कथित अवैध निर्माण के मामले में वाईएसआरसीपी को नोटिस जारी किया था। इसके

बाद वाईएसआरसीपी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पार्टी के एक प्रवक्ता ने दावा किया कि अदालत ने किसी भी तरह की ध्वस्तीकरण गतिविधि पर रोक लगाने का आदेश दिया है और वाईएसआरसीपी के वकील ने सीआरडीए आयुक्त को इसकी जानकारी दे दी है।
सीआरडीए और एमटीएमसी के अधिकारियों के मुताबिक वाईएसआरसीपी कार्यालय सिंचाई विभाग की जमीन पर बनाया जा रहा था। आरोप है कि जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी की पिछली सरकार के दौरान जिस जमीन का इस्तेमाल बोटयार्ड बनाने के लिए किया जा रहा था।

## आतिशी के अनिश्चितकालीन अनशन का दूसरा दिन, कहा- पानी मिलने तक जारी रहेगा अनशन

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

आम आदमी पार्टी की नेता और दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी शुक्रवार से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हुई हैं। दिल्ली वालों के हक के पानी के लिए जारी अनिश्चितकालीन अनशन के दूसरे दिन शनिवार को आतिशी ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर समस्त दिल्लीवासियों के कल्याण और दिल्ली के हक का पानी जल्द मिलने की कामना की। आतिशी ने कहा है कि इस भीषण गर्मी में हरियाणा की बीजेपी सरकार ने दिल्ली के हक का पानी रोका हुआ है। एक दिन पहले भी दिल्ली के हिस्से के पानी से 110 एमजीडी कम पानी भेजा गया। जिस वजह से आज 28 लाख से भी ज्यादा लोगों को पानी की किल्लत होगी।




उन्होंने कहा कि मेरे तमाम प्रयास के बावजूद भी हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली के हक का पानी नहीं छोड़ रही है। आतिशी के मुताबिक अब जब तक हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली का पूरा पानी नहीं छोड़ती और हर दिल्लीवालों को उनके हक का पानी नहीं मिल जाता, तब तक 'पानी सत्याग्रह' जारी रहेगा।
अनशन पर बैठने से पहले ही आतिशी ने हरियाणा सरकार और बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा था कि दिल्ली के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। जनता त्राहिमाम कर रही है और हरियाणा सरकार दिल्ली के हिस्से का पानी उन्हें नहीं दे रही है।

# मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की उपस्थिति में उद्योग विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की

**रांची।**

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उद्योग विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री
ने समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया कि
राज्य में बड़े-बड़े इंडस्ट्री के साथ-साथ लघु, कुटीर एवं छोटे-छोटेग्रामोद्योगों को हर हाल में बढ़ावा दें।
मुख्यमंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे लघु, कुटीर एवं ग्रामोद्योगों से जोड़कर गरीब, किसान तथा जरूरतमंद लोगों के आय में वृद्धि लायी जा सकती है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सिल्क और तसर उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं।
मुख्यमंत्री ने झारक्राफ्ट तथा खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।
धागा उत्पादन के क्षेत्र में संभावनाएं मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं दिख रही हैं।
राज्य खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट के प्रतिनिधि महिलाओं को धागा उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रेरित करें तथा उन्हें प्रशिक्षित भी करें। तसर, रेशम कोकून की प्रोसेसिंग तथा धागा तैयार करने की ट्रेनिंग महिलाओं को अवश्य दें।
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन महिलाओं को खादी बोर्ड एवं झारक्राफ्ट द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है उन्हें राज्य सरकार की नीति के तहत 35 प्रतिशत सब्सिडी देकर उपकरण भी उपलब्ध कराएं।
मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत राजनगर में स्थापित खादी पार्क में विभिन्न प्रकार के वस्त्र निर्माण उद्योग हेतु एक बेहतर कार्य योजना बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रोजगार सृजन हेतु जितने भी संसाधन विकसित किए गए हैं, उनका बेहतर इस्तेमाल कर अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार का अवसर देना हम सभी की जिम्मेदारी है, अधिकारी कार्यशैली में बदलाव लाकर इन जिम्मेदारियों का तत्परता से निर्वहन करें।
राज्य में बंद उद्योगों को शुरू करने की कार्य योजना बनाएं मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जियाडा) के कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि जियाडा अंतर्गत वैसे औद्योगिक यूनिट जो स्थापित होने के बाद किसी कारणवश बंद पड़े हैं, उनका सर्वेक्षण करें।
मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बंद पड़े औद्योगिक इकाइयों का नए सिरे से एलॉटमेंट कर उन्हें पुनर्जीवित करें। बंद पड़े औद्योगिक इकाइयां पुनर्जीवित होगी तो हजारों की
संख्या में लोगों को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा बनाई गई
औद्योगिक नीति के तहत 75% नियोजन स्थानीय लोगों को मिले यह हर हाल में सुनिश्चित की जाए। जिस क्षेत्र में औद्योगिक संस्थाएं स्थापित हुई हैं उन क्षेत्रों के स्थानीय लोगों को नियोजन में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सड़क, बिजली, पानी सहित सुरक्षा, साफ-सफाई के बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।
इन कार्यों में तेजी लाने का निर्देश मुख्यमंत्री ने जिडको के कार्य प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने झारखंड प्लास्टिक पार्क, फार्मा पार्क, पीएम गतिशक्ति योजना, पीएम एकता मॉल तथा स्फूर्ति योजना के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया।
मुख्यमंत्री ने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, रांची के निर्माण कार्य एवं जिला उद्योग केंद्र की मरम्मती सहित जिडको की कई विभिन्न योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

## न्यूज़ अपडेट

### सोनुआ के पास ट्रेन के चपेट में आने से युवक की मौत



**जमशेदपुर।** चक्रधरपुर रेल मंडल के सोनुआ के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी है। मृतक युवक सोनुआ थानाक्षेत्र के राजगांव निवासी बबलू गोप हैं, जो सोनुआ स्टेशन में ट्रेन से उतरकर अपने गाँव रेलवे ट्रैक के किनारे से जा रहा था। इस दौरान रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान पड़सा पुल के समीप ट्रेन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर सोनुआ पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

### हत्या के मामले में गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसएसपी से मिले परिजन

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला के पटमदा के दिघी में 11 मई को राहुल मंडल की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया था। इस मामले में अब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। इसको लेकर परिजन भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में एसएसपी से शिकायत करने पहुंचे। परिजनों ने एसएसपी से मामले की लिखित शिकायत की है. विमल बैठा ने बताया कि 11 मई को राहुल का शव घर से कुछ दूरी पर पेड़ से लटका पाया गया. ग्रामिण शव को पेड़ से उतारकर घर ले आए थे. जिसके बाद पिता को सूचित किया गया. इस संबंध में पिता ने पटमदा थाना में हत्या का केस दर्ज कराया था. घटना के एक माह बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### दहेज प्रताड़ना का आरोपी फरार

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा थाना अंतर्गत बी खान रोड निवासी रंजना मिश्रा ने अपने पति अंशुमान मिश्रा की प्रताड़ना से तंग आकर 27 मई को सिदगोड़ा थाना में दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पति की गिरफ्तारी नहीं होने पर रंजना ने एसएसपी से मामले की शिकायत की है. रंजना ने बताया कि उसकी शादी साल 2019 में हुई थी. शादी के कुछ दिन बाद पता चला की पति अंशुमान पहले से ही शादी शुदा है. वह दहेज के लिए मारपीट करने लगा. पति ने शादी में मिले गहने भी रख लिए और उसके नाम से बाजार से लाखों का लोन ले लिया. अंत में तंग आकर सिदगोड़ा थाना में केस दर्ज करवाया. पर अब पति और उसकी पूर्व पत्नी मिलकर केस नहीं उठाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है. फिलहाल रंजना ने अपने पति की गिरफ्तारी की मांग की है।

### चाय दुकान में नाबालिग से काम कराने वाले पर मामला दर्ज

**जमशेदपुर।** टाटानगर स्टेशन स्थित चाईबासा बस स्टैंड के पास स्थित चाय दुकान में नाबालिग से काम कराने वाले के खिलाफ बागबेड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. लेबर इंस्पेक्टर संदीप कुमार गुप्ता के बयान पर कमल यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. बता दे कि कमल यादव अपनी चाय दुकान पर नाबालिग से काम करा रहा था. श्रम विभाग को इसकी शिकायत मिली थी जिसके बाद दुकान पर छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान तीन नाबालिग को काम करते पाया गया गया था जिन्हे चाइल्ड लाइन को सौंप दिया गया।


### जेएनएसी के सिटी मैनेजर ने छगनलाल ज्वेलर्स को कराया बंद

**जमशेदपुर।** साकची बंगाल क्लब से सटे एसएनपी एरिया में स्थित छगनलाल ज्वेलर्स की दुकान को शुक्रवार दोपहर जेएनएसी के सिटी मैनेजर अरविंद तिर्की ने बंद करवा दिया। दुकान खोलकर कारोबार किया जा रहा था, जबकि भवन मालिक को बेसमेंट खाली कराने का आदेश दिया गया है। इसके लिए उन्हें दो दिन की मोहल्लत दी गई है। बेसमेंट में पार्किंग बनानी है, लेकिन ज्वेलर्स द्वारा वहां सोने-चांदी का शोरूम खोला गया है। दूसरी ओर, एचडीएफसी बैंक की ओर से बेसमेंट में बनाए गए लॉकर को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। वहां कई लोगों के जेवरात समेत अन्य कीमती सामान रखे गए हैं, इसलिए पूरी प्रक्रिया पूरी कर लॉकर को अन्यत्र शिफ्ट किया जा रहा है। सिटी मैनेजर ने बताया कि बेसमेंट खाली नहीं करने पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। सिटी मैनेजर के नेतृत्व में टीम गुरुवार को दोनों प्रतिष्ठानों का बेसमेंट खाली कराने पहुंची थी, लेकिन समय मांगने पर 48 घंटे की मोहलत दी गई।

### एमजीएम में दवाईयों की जल्द होगी खरीद

**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल में सलाना दवाईयों की खरीद जल्द की जायेगी। इसके लिये पिछले दिनों बैठक की गई थी। जिसमें सभी विभागों के डॉक्टर पहुंचे थे। इसमें दवाईयों के साथ अस्पताल के अन्य सभी सामानों की खरीद की जायेगी। इसके लिये टेंडर जारी किया जायेगा। जिसमें सबसे कम रकम पर गुणवत्तापूर्ण सामान देने वालों से खरीद की जायेगी।

### साइबर अपराधियों के शिकार हुए बिल्डर्स, 36 लाख रूपए की ठगी



**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के फ्लैट नंबर 2/2 नूर जहां अपार्टमेंट के रहने वाले बिल्डर्स अब्दुल कलाम ने क्रिप्टो करंसी में या ट्रेडिंग के जरिए अधिक से अधिक प्रॉफिट कमाने के चक्कर में साइबर अपराधियों के हाथ गवा बैठे 36 लाख 85 हजार 828 रूपए। इस संबंध में अब्दुल कलाम ने बिष्टुपुर सांइबर थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई हैं। 27 मई को इन्टरनेट सर्च करने पर क्रिप्ट करंसी में इन्वेस्टमेंट करने की कुछ जानकारी हुई। विश्वसनीय लगने पर 27 मई को इन्वेस्ट करने पर टेलीग्राम खुला टेलीग्राम में बताया गया कि क्रिप्टो करेंसी में इन्वेस्टमेंट करने पर स्टेप - टू- स्टेप इन्वेस्टमेंट करने का जानकारी भी दिया गया। फिर उन्हें उनके साथ ट्रेडिंग करने के लिए बोला गया और एक वेबसाइट लिंक ग्लोबल ट्रेडिंग के नाम से सेंड किया गया जिसमें अकाउंट बनाने के लिए बोला गया। अकाउंट खोलकर उन्होंने 27 मई को 1100 रूपए भेज कर ट्रेडिंग शुरू किया। ग्लोबल ट्रेडिंग साधारण ट्रेडिंग के जैसा ही था। सारा काम होने लगा। इस प्रकार अधिक प्रॉफिट कमाने के लिए अधिक से अधिक रूपए इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। 13 जून तक अब्दुल कलाम ने कुल 36 लाख 85 हजार 828 रूपए इन्वेस्ट कर दिया। रूपए मांगने पर और रूपए इन्वेस्ट करने के लिए कहा गया। तब जाकर उन्हें एहसास हुआ कि वह साइबर अपराधों की शिकार हो गए हैं। पुलिस मामला दर्ज जांच में जुट गई है।

# टाटा स्टील की खेल सुविधाएं बेहतरीन लेकिन उन्हें हासिल करना आम खिलाड़ियों के वश की नहीं: विधायक

## सामान्य खिलाड़ियों के जरूरत की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना जरूरी- सरयू राय

**जमशेदपुर।**



जमशेदपुर क्रीड़ा उद्यान, सिदगोड़ा द्वारा निर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन पूर्व ओलंपियन हरभजन सिंह ने शनिवार को किया। यह बास्केटबॉल कोर्ट जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की विधायक निधि से तैयार हुआ है। कोर्ट का उद्घाटन करने के बाद पूरे ओलंपियन हरभजन सिंह ने कहा कि पिछले साल विधायक सरयू राय ने कहा था कि वह सालभर में बास्केटबॉल कोर्ट तैयार कर देंगे और उन्होंने ऐसा करके दिखा भी दिया। श्री राय को दिल से बधाई। उन्होंने वादा निभाया। हरभजन सिंह ने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जो आपको अनुशासित रखता है, आपमें जीतने का जज्बा पैदा करता है। खेल से ही आप समस्याओं के समाधान की दिशा में उद्यत होते हैं। श्री राय ने बास्केटबॉल कोर्ट बना कर नेक कार्य किया है। खेल का क्षेत्र आपमें जीतने का हुनर पैदा करता है। इस अवसर पर विधायक सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर में खेल-कूद का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर है। यहां से बड़े खिलाड़ी भी निकले हैं लेकिन ये सब टाटा स्टील के कंट्रोल में है। वहां हर किसी की पहुंच नहीं है। आम खिलाड़ियों के लिए टाटा स्टील की उपलब्ध सुविधाओं को हासिल करना बेहद मुश्किल है। उसमें काफी खर्च होता है। मेरे दिमाग में यह बात चल रही थी कि आम खिलाड़ियों को कैसे ये बेहतरीन सुविधाएं मिलें। फिर हमने तय किया कि सरकार का सहयोग लिया जाए। सरकार से बातचीत हुई लेकिन फिलहाल हमने अपनी विधायक निधि से 76 लाख रुपये दिए हैं। ये कोर्ट उसी निधि से बना है। इसी माह आर्चरी कोर्ट, नेटबॉल, हैंडबॉल, टेबल टेनिस, स्नूकर, कैरम आदि खेलने के स्थानों का भी उद्घाटन हो जाएगा। अपने उद्बोधन में सरयू राय ने कहा कि वह एक ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर सरकार के सहयोग से विकसित करना चाहते हैं, जिसमे सारे खेल खेले जाएं, जो आम आदमी की पहुंच में हो और जो भी खेल शुरू हो, वो लगातार चले। वो स्थायी भाव का हो। वह कभी रूके नहीं। जेएनएसी ने भी अपना दायरा बढ़ाया है। यह खुशी की बात है कि अब जेएनएसी स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर भी डेवलप करने लगा है। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी मैच भी खेला गया जिसमें रामकृष्ण मिशन स्कूल और आईएसडब्लूपी की टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में स्पेशल ओलंपिक के सतवीर सिंह समेत अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और पूर्व कोच भी शामिल रहे। इसके पूर्व नीपू और रोशनी ने सुंदर नृत्य किया। दो बच्चियों ने आए हुए मेहमानों का तिलक लगा कर स्वागत किया और स्वागत गीत आरंभ है प्रचंड गाया।

# एक्सएलआरआई छात्रों ने की एफटीएस के साथ एकल अभियान की साझेदारी

**जमशेदपुर।**



जमशेदपुर स्थित एक्सएलआरआई के छात्रों ने अपने लर्निंग सेंटर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें एकल अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण चंदा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जमशेदपुर चेप्टर के अध्यक्ष राजेश मित्तल और सचिव अभिषेक गर्ग ने भाग लिया। इस अवसर पर एक्सएलआरआई के डीन प्रोफेसर पद्म और छात्रों से 209996 रूपए का चेक औपचारिक रूप से प्राप्त किया गया। इस कार्यक्रम में एक्सएलआरआई के डीन और छात्रों के साथ एक अद्वितीय संवाद हुआ, जिसमें एफटीएस (आदिवासी मित्र समाज) के लक्ष्यों, आकांक्षाओं और कार्यप्रणाली पर लगभग 30 मिनट का व्याख्यान दिया गया। सत्र के दौरान, छात्रों ने कई सवाल पूछे, जिनका उत्तर बड़े उत्साह से दिया गया। एक्सएलआरआई के छात्र एफटीएस जमशेदपुर के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हैं और उन्होंने एकल उत्पादों के विपणन के लिए एक लाइव प्रोजेक्ट शुरू करने की योजना बनाई है, जिसमें एक समर्पित टीम शामिल होगी। छात्र जल्द से जल्द एकल विद्यालयों का दौरा करने के लिए भी बहुत उत्सुक हैं और उन्होंने हमारे भविष्य के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए सहमति व्यक्त की है। यह सहयोग एकल अभियान को और अधिक सशक्त बनाएगा और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### दसवीं और बारहवीं के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को हुए पुरस्कृत




**जमशेदपुर।** जेएच तारापोर स्कूल में अचीवर्स डे का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा दसवीं और बारहवीं के बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करके उन्हें प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाचार्या लता शरत ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। इस उपलक्ष्य में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को तथा विषय के अनुसार सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। जिसमें दसवीं की छात्राओं के नाम क्रमशः प्योर साइंस में आस्था रातुरी, इको साइंस में रीत अग्रवाल और कामर्स में तनीशा बब्बर हैं।

कक्षा बारहवीं की छात्राओं के नाम क्रमशः प्योर साइंस में अंकिता गुप्ता, बायो साइंस में अनन्या झा, कामर्स में अक्षिता सिंह, आर्ट्स में खुशी कुमारी हैं। पुरस्कार, तारापोर स्कूल की निदेशक टीना बोधनवाला सूद, जे. एच.तारापोर स्कूल की पूर्व निदेशक नरगिस माडन, प्रधानाचार्य लता शरत और उप प्रधानाचार्य रुक्शाना एच. गार्डिन द्वारा प्रदान किए गए। विजेताओं को उनके प्रयासों की सराहना करने के लिए नकद पुरस्कार और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। गौरवान्वित माता-पिता और शिक्षक, जो विजेताओं की सफलता की यात्रा का हिस्सा थे, युवा उपलब्धि हासिल करने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित थे।

## लेन्ज इंडिया का डीलर मीट आयोजित, शामिल हुए देवाशीष नंदी

**जमशेदपुर।**



मेटल प्रोसेसिंग और ऑटोमोबाइल क्षेत्र की कंपनी लेन्ज इंडिया का डीलर मीट में जमशेदपुर समेत कोल्हान के कंपनी के डीलर-फ्रेंचाइजी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन बीट-एन-एचजेड कंपनी (जमशेदपुर) के प्रतिनिधि मिथू कारक ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में लेन्ज़ इंडिया और दक्षिण पूर्व एशिया के अध्यक्ष देवाशीष नंदी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कंपनी अपने आउटलेट का निरंतर विस्तार कर रही है। जमशेदपुर और आसपास के सामग्री प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल क्षेत्रों के साथ अपनी भागीदारी को तेज करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी विश्व स्तरीय औद्यौगिक स्वचालन प्रणाली समाधान के साथ-साथ मेक्ट्रोनिक्स समाधान (गियर वाली मोटरें और परिवर्तनीय आवृत्ति वाले इनवर्टर) प्रदान करेगा। कहा कि कंपनी ने भारत में 2005 में अपना कारोबार शुरू किया। जिसका मुख्यालय पुणे (मुंबई) में है। यहीं से भारत एवं दक्षिण पूर्व एशिया में कारोबार संचालित होता है। हालांकि इसका सर्विस कार्यालय कोलकाता, अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोयंबटूर, दिल्ली, हैदराबाद और चेन्नई में है। कंपनी का पुणे में एक असेंबली सेंटर के साथ-साथ एक मरम्मत केंद्र और पुणे शहर में एक सॉफ्टवेयर विकास केंद्र भी है. जबकि लेन्ज़ ऑटोमेशन कॉम्पिटेंसी सेंटर (एलएससी) कोलकाता में स्थित है. कंपनी के पास भारत और दक्षिण पूर्व एशिया में ग्राहकों का समर्थन करने के लिए एक मजबूत टीम उपलब्ध है।

### सुनील निर्विरोध और विजय दो मत ये जीते



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के एचबीटीएल क्षेत्र में एक कमेटी मेम्बर के लिए चुनाव संपन्न हुआ। यह मतदान की प्रक्रिया सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक चली तत्पश्चात वोटो की गिनती की गई जिसमें विजय कुमार महतो को 39 वोट उपेंद्र कुमार को 37 वोट संतोष कुमार को 28 वोट अब्दुल रऊफ को 23 वोट प्राप्त हुए। कुल मतदान 127 हुए थे। इस तरह से विजय कुमार महतो एचबीटीएल क्षेत्र से कमेटी मेंबर के रूप में विजयी घोषित किए गए। चुनाव पदाधिकारी विजय कुमार शर्मा ने विजय कुमार महतो को विजयी घोषित किया। वहीं दूसरी ओर बी आई डब्ल्यू क्षेत्र के मात्र एक उम्मीदवार सुनील कुमार सिंह को निर्विरोध होने के कारण उन्हें बी आई डब्ल्यू का कमेटी मेम्बर घोषित किया गया। पूरी चुनाव प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक ई सतीश के देखरेख में संपन्न हुआ। इसके बाद दोनों कमेटी मेंबर के रूप में यूनियन कार्यालय जाकर सभी से मुलाकात किया एवं अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आर के सिंह और यूनियन के सलाहकार प्रवीण सिंह का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ब्रह्मर्षि स्वामी सहजानंद सरस्वती के पुण्य तिथि २६ जून २०२४ को मनाएंगे




**जमशेदपुर।** हमारे देश के धरोहर स्वामी सहजानंद सरस्वती का पुण्यतिथि 26 जून को हैं। भारत के एक तपस्वी, राष्ट्रवादी और किसान नेता थे। हालाँकि उनका जन्मसंयुक्त प्रांत (वर्तमानउत्तर प्रदेश) गाजीपुर में हुआ था, लेकिन शुरुआती दिनों में उनकी सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियाँ ज़्यादातर बिहार [ बिहटा ] में रही। उन्होंने अखिल भारतीय किसान सभा और अखिल भारतीय संयुक्त किशन सभा का गठन किया। इन गठन के साथ उनका प्रभाव शेष भारत में फैल गईं। पूरे देश के किसानों केलिए, खासकर भूमिहार किसान , बिहार और उत्तर प्रदेश के थे, बहुत काम किया। स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने जवाहर लाल नेहरू जी के साथ भी अग्रणी भूमिका निभाई। बिहटा में एक आश्रम स्थापित किया था और अपने जीवन के बाद के हिस्से में अपना अधिकांश काम वहीं से किया। वे एक बुद्धिजीवी, विपुल लेखक,समाज सुधारकऔर क्रांतिकारी थे। ऐसे महान व्यक्तित्व का पुण्य तिथि ब्रह्मर्षि समाज २६ जून को मधुवन होटल में शाम ५ बजे धूम धाम से मनाएंगे।।

# चांडिल में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक डे पर साइकलिंग रोड रेस आयोजित



**चांडिल।**

जिला सरायकेला खरसावां के चांडिल अनुमंडल के घोड़ानेगी से भालूकोचा तक साइकिलिंग रोड रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बालक- बालिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में जिला सरायकेला खरसवां साईक्लिग एसोसिएशन के जिल ाअध्यक्ष संजय चौधरी ने विजेता प्रतिभागीयो को मेडल देकर सम्मानित किया। संजय चौधरी ने कहा की साइकलिंग से स्वास्थ्य ठीक रहता है वहीं पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। प्रतिभागियों को 14 वर्ष, 17-19 वर्ष एवं सीनियर वर्ग में बांटा गया था। अंडर 14 में हांसदा को गोल्ड मेडल, बबली हांसदा को सिल्वर मेडल, अंडर 17 में पूर्णिमा मंडल को गोल्ड मेडल, अंडर-19 महिला वर्ग में सुमित्रा हांसदा तथा बालक वर्ग अंदर 14 में चंदन कुमार को गोल्ड मेडल एवं कलाचंद पान को सिल्वर मेडल, अंडर 17 में चंदन टुडू को गोल्ड मेडल, गणेश मार्डी को सिल्वर मेडल अंडर-19 पुरुष वर्ग में मुकेश केवट गोल्ड मेडल एवं सीनियर वर्ग में सुंदर मुर्मू गोल्ड मेडल हासिल किया यह जानकारी जिला साइकलिंग एसोसिएशन के महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने दी। दिलीप ने कहा कि हमारे सभी वर्गों के खिलाड़ी बालक एवं बालिका ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल हासिल किया है। इस मौके पर जवाहरलाल सहदेव, राम पदों हेंब्रम, श्याम टुडू आदि मौजूद थे।

# खादी वस्त्रों एवं उत्पादों को वर्तमान समय के अनुरूप बाजार में उतारने की पहल



**जमशेदपुर।**

खादी ग्रामोद्योग आयोग के पूर्वी जोन के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कोलकाता एनआईएफटी के निदेशक ब्रजेश देवरे और संस्थान के फैशन और लाईफ स्टाईल के अध्यक्ष जयति मुखर्जी से मुलाकात कर खादी उत्पादक संस्थानों को वर्तमान फैशन के अनुरूप विशेषकर महिला, युवा और बच्चों के पसंद की डिजाईनों के निर्माण हेतु कार्यरत लोगों को प्रशिक्षण देने पर चर्चा की। इस दौरान मनोज कुमार सिंह ने कहा कि खादी आयोग के पूर्वी जोन में 600 से अधिक खादी संस्थायें हैं जो सूती खादी और खादी सिल्क का पारंपरिक तरीके से वस्त्र तैयार करती हैं। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में एन.आई.एफ.टी. बंगाल, बिहार, उड़ीसा और झारखण्ड के खादी संस्थानों को नवीनतम डिजाईन की प्रशिक्षण के लिये अलग-अलग योजनायें तैयार करे इसके लिये खादी ग्रामोद्योग आयोग सभी प्रकार की सुविधायें उपलब्ध करायेगी। मनोज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि एनआईएफटी के साथ डिजाईन डेवलपमेंट, खादी फैशन शो, इस क्षेत्र के खादी उत्पादों की विस्तृत विवरणिका तैयार करने सहित अनेक योजनाओं पर सहमति बनी है। आनेवाले वर्षों में एनआईएफटी और खादी ग्रामोद्योग आयोग के सहयोग से खादी संस्थायें आधुनिक फैशन के अनुरूप युवा, महिला, बच्चे सहित गृह सज्जा और रोजमर्रा के उपयोग में आनेवाले अन्य सामानों के खादी उत्पाद तैयार कर बाजार में उपलब्ध करा सकेगी।

## सुविचार

**जो इंसान खुद के लिए जीता है, उसका एक दिन मरण होता है, पर जो इंसान दूसरों के लिए जीता है, उसका हमेशा स्मरण होता है।**

## ट्वीट

प्रदेश की नारी शक्ति के सर्वांगीण उन्नयन की दिशा में हमारी सरकार द्वारा तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण की सीमा 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत के ऐतिहासिक निर्णय लेने उपरांत मातृशक्ति द्वारा आत्मीय अभिनंदन प्रकट किया गया।

-भजनलाल शर्मा



श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य पुरोहित एवं प्रसिद्ध विद्वान आचार्य श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित जी के देहावसान का अत्यंत दुःख समाचार मिलना। उनका जाना आध्यात्मिक जगत के लिये अपूरणीय क्षति है।

-अर्जुनराम मेघवाल



## कहानी

# यादों में वह दिन

■ दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'



आज भी मुझे वह दिन याद हैं। हालांकि उसमें सुदर्शन फाकिर की गज़ल वाले बचपन का सावन, बारिश का पानी, 'कागज की कश्ती' जैसी कोई बात नहीं है। वह बड़े कठिन और संघर्ष भरे दिन थे। इसका अंदाजा इस बात से लग सकता है कि मेरा हाई स्कूल का रिजल्ट आया भी नहीं था, तभी फर्मान जारी हो गया था-'अब आगे पढ़ाई नहीं हो पाएगी। अपनी रोजी-रोटी का रास्ता खोजो...'

मैंने शहर के 'सुधारक प्रेस' में हेल्पर के तौर पर काम करना शुरू कर दिया था। यहाँ से साप्ताहिक सुलतानपुर 'समाचार पत्र' का प्रकाशन होता था। यह आठ पेज का होता था, जिसके दो पेज कविता, कहानी और लोकरुचि के विषयों वाले लेखों से भरे रहते थे। यहाँ जिले के लेखकों-पत्रकारों का खूब आना जाना था। इनसे मेलजोल के फलस्वरूप मेरे अन्दर भी पढ़ने-लिखने का एक आवेग बनने लगा था। प्रेस के बुजुर्ग मालिक बलराम वैद्य भले व्यक्ति थे और समाज में ऊंचा स्थान रखते थे। उनके बड़े बेटे का विवाह हमारे पड़ोसी गाँव के ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इसलिए वैद्यजी के यहाँ मेरा रिश्तेदारी के लड़के जैसा मान-सम्मान था।

यहाँ काम करते हुए ही मेरा दसवीं का रिजल्ट आया था। वैद्यजी मेरा अंकपत्र देखकर खुश हुए थे और व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया था। तीन महीने के अन्दर मैंने कम्पोजिंग सीख ली थी, ट्रेडिल मशीन का फार्मा कस के छपाई भी करने लगा था। मेरी काम करने स्पीड भी ठीक थी। इसे देखते हुए वैद्यजी ने कहा था-'अब तुम्हारे हाथ में हुनर आ गया है। खुद दिमाग गलत दिशा में न लगाए, तो आगे निकलते चले जाओगे।'

बाद में उन्होंने स्वयं पैसा लगाकर मेरा इंटरमीडिएट का फार्म भरवाया था। 'सुलतानपुर समाचार पत्र' मे मेरे लेख छपते रहते थे किन्तु, इन्हीं दिनों मेरी एक कहानी 'नीहारिका' में प्रकाशित हुई। हालांकि यह देखने के लिए बलराम वैद्य जी नहीं बचे थे। अचानक उनकी तबियत बिगड़ी थी और सिर्फ तीन सौ मीटर की दूर जिला अस्पताल पहुंचते ही उनकी काया निर्जीव हो चुकी थी। उनका जाना मेरे लिए बड़ा आघात था, जबकि उनके परिवार वालों के लिए परम दुर्भाग्य का निमित्त...!

इलाहाबाद यानी आज के प्रयागराज, पैतृक गाँव सोनारी और सुलतानपुर शहर में उनकी प्रचुर संपत्ति थी। इसकी छीना-झपटी में उनके लड़के लोग ऐसे पागल हुए कि प्रेस और अखबार की ऐसी-तैसी हो गई। मैं घर बैठ गया।

तभी मुझे एक पोस्ट कार्ड मिला। शहर से बृजेन्द्र श्रीवास्तव ने भेजा था। उन्होंने 'नीहारिका' में छपी मेरी कहानी की प्रशंसा की थी, साथ ही यह भी लिखा था कि सुलतानपुर आने पर रुद्रनगर में उनके 'जन भारती' कार्यालय में मिलूँ। वह मुझे नहीं जानते थे, मगर मैं उनके प्रेस, अखबार और उन्हें जानता था। लड़कियों जैसे फेस कट के दुबले-पतले नगर के खूब लंबे व्यक्तियों में एक थे। मैं अगले ही दिन जन भारती' कार्यालय जाकर उनको सलाम ठोंका-'भइया प्रणाम !'

मैंने उनका पोस्ट कार्ड दिखाया। वह तत्काल बोले-'तो यह आप हैं ? अभी कर क्या रहे हैं ?'

मैंने सारी स्थिति बयान कर दी। उन्होंने मुझे समझाया-'फिर ऐसा करो, आज से ही तुम मेरे यहाँ आ जाओ। अपना अखबार है, लिखना-पढ़ना। तुम्हारी शिक्षा भी चल जाएगी, चार पैसे भी हाथ आएंगे...'

मुझे काम की जरूरत थी, वह मिल रहा था। फिर ना-नुकुर का क्या मतलब! मैंने कहा-'ठीक भइया, सोमवार से आ जाता हूँ। मुझे लगता है, आज शनिवार से शुरुआत ठीक नहीं रहेगी।'

बृजेन्द्र भइया के पास पैसा नहीं था, लेकिन अपने साप्ताहिक को 'दिनमान' बनाने का सपना और जुनून दोनों था। उनके साथ मेरी अच्छी जमी। यहीं रहते हुए मेरा इंटरमीडिएट पूरा हुआ। मैट्रिक और इन्टर में मेरे मार्क्स अच्छे थे। इस मेरिट के आधार पर मेरा बी.टी.सी. की ट्रेनिंग के लिए चयन हो गया। यह ट्रेनिंग पूरी करने के बाद मुझे प्राथमिक शिक्षा में अध्यापक हो जाना था। बृजेन्द्र भइया के प्रेस में काम करते हुए मेरी ट्रीनिग भी सम्पन्न हो गई। मगर जीवन में सब सीधा-सपाट नहीं चलता। यहाँ भी ऐसा ही हुआ। हम अध्यापक नियुक्त होने की राह देख रहे थे, तभी 25 जून 1975 में इमरजेंसी लग गई। बृजेन्द्र भइया मीसा में जेल चले गए।

वह ही नहीं, जिले के सारे विपक्षी पार्टियों के नेता और तनकर चलने वाले पत्रकार डी.आइ.आर. या मीसा में अन्दर हो चुके थे। फिजा में दहशत और सनसनी का बोलबाला था। मेरे पिताजी ने समझाया-'तुम जालंधर चले जाओ। लाला जगत नारायण और मैं भारत छोड़ो आंदोलन के समय साथ-साथ जेल काट चुके हैं। करीब पन्द्रह दिन पहले उनको तुम्हारी नौकरी के लिए लिखा था। जवाब आया था, बोले हैं पंजाब केसरी' में रख लेंगे।'

मैंने जालंधर का टिकट कटा लिया किन्तु, वहाँ पहुँचने पर पता चला कि लालाजी पच्चीस जून को ही जेल जा चुके थे। मेरी मुलाकात रमेश चंदर से हुई। मेरा मामला उनके संज्ञान में था। उन्होंने बड़े भाई जैसा फर्ज निभाया। नृपेन्द्र परमार को मेरे लिए शिफारिसी चिट्ठी लिखी और कहा-'पाई, तू चंडीगढ़ चला जा। अठाई सेक्टर बिच नेशनल लेजेंड' का दफ्तर है। उनको इक आलराउंडर की जरूरत है। उधर तेरा काम हो जाएगा। हमारे अखबार का कल क्या हो, कोई ठिकाना नहीं !'

मैं वहाँ से निकलने लगा तो सौ की एक नोट भी उन्होंने मेरी पॉकेट में डाल दिया था। 'नेशनल लेजेंड' के सम्पादक नृपेन्द्र परमार भाई मुझसे तीन-चार साल बड़े यानी तेईस-चौबीस साल के खूब गोरे-चिट्टे व्यक्ति थे। पहली नजर में कुछ मसखरे से चंचल और बातूनी व्यक्ति लगते थे। दो-चार औपचारिक सवालों के बाद उन्होंने संतोषजनक वेतन पर मेरी नियुक्ति कर ली। फिर बोले-'यह बताओ, तुम्हारा रहने का क्या होगा ?'

जैसे आपने नौकरी दे दी, वैसे ही रहने का भी जुगाड़ बन जाएगा।'-मैंने बेफिक्री से जवाब दिया था।

वह मुस्कराते हुए बोले-'तुम्हारा जवाब पसंद आया। सामने सड़क से दाहिनी तरफ डेढ़ सौ मीटर पर होटल है। मुझे बताकर खाना खा लेना। शाम को छह बजे यहीं मिलना, अभी मैं जरूरी काम से निकल रहा हूँ।'

इसके बाद वे अपनी वेस्पा लेकर कहीं निकल गए थे। भोजन मैंने सत्रह सेक्टर के बस स्टैंड पर ग्यारह बजे पहुंचते ही कर लिया था। अभी अपराह्न चार बजे का समय था। न यह खाने का समय था, न मेरा मन ही खा। हाँ, अब मुझे यहाँ रह के काम करना था। इसलिए आसपास की लोकेशन पर नजर डालने के लिए मैं प्रेस परिसर से बाहर आ गया। इसके बगल में एक मंदिर था। मैं अन्दर चला गया। बड़ी गंदगी थी, लग रहा था कि चार-पाँच दिन से सफाई नहीं हुई थी। तखत पर लम्बी काया के वृद्ध पुजारी पंखे की हवा में लेटे थे। मैंने आगे बढ़कर उनका चरण स्पर्श किया-'बाबाजी, प्रणाम...!'

उन्होंने लाल-लाल आँखें खोली। आशीर्वाद दिया। मेरे विषय में यह जानकर कि मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश से हूँ, वह प्रसन्न हुए। बोले-'मुझे भी लगा, कोई अपने इलाके का है। यहाँ वाले तो खैरियत पूछने के लिए भी लाठी जैसा मारते हैं-ओ'ए पुजारी, की हो रिया है ?'

वह वाराणसी के थे। बीस साल पहले पुलिस महकमे में डीएसपी थे। रिटायरमेंट के बाद एक धार्मिक ट्रस्ट का काम देखने लगे। पिछले दो साल से ट्रस्ट के इस मंदिर के पुजारी हैं। इन दिनों ज्वरग्रस्त थे। उन्होंने मुझसे स्टोव जलवा के चाय बनवाया। खुद तो लिए ही, मुझे जबरदस्ती करके दिया। चाय के बाद सहज आवेगवश मैंने मंदिर की सफाई कर दिया। स्नान और धूपबत्ती किया। पुजारी खुश होकर तत्काल मेरी एक समस्या का समाधान कर दिये। बोले-'ठाकुर बेटा, चाहो तो हमारे साथ मंदिर की किसी कोठरी में रह सकते हो। मुझे भी सहारा हो जाएगा...'

थोड़ी देर बाद परमार से मुलाकात हुई। मैंने उन्हें अपने आवास की व्यवस्था के विषय में अवगत करा दिया। उनका मत था-'तुममें जैसी तेजी मैं देख रहा हूँ, उससे लग रहा है कि अखबार के लिए तुम अच्छे आलराउंडर साबित होंगे। एक बात और बताओ, क्या अंग्रेजी के लेखों का हिन्दी तर्जुमा कर सकते हो।'

मैंने बताया-'एकदम क्लोजेस्ट तो नहीं, मगर मोटे तौर पर कर लेता हूँ...!'

'मिस्टर सिंह, नेशनल लीजेंड इस जस्ट अ टैबलायड, इट इज नाट अ स्टैंडर्ड सब्जेक्टिव जर्नल। सो व्हाट एवर यू विल डू, वुड वी एनफ ऐज आकॉर्ड ऑफ न्यूज पेपर ! ओके...चलो इस खुशी में अपनी पत्नी के हाथ का बना डिनर कराता हूँ। सबेरे वापसी में हल्की-फुलकी दरी चादर का इंतजाम भी घर से ही करा दूंगा।...'-वह उत्साह से लवरेज बोलते चले गये।

वह रात मैंने उनके फ्लैट पर बिताई। उनकी पत्नी थोड़ी साँवली जरूर थीं, लेकिन निहायत खूबसूरत और गरिमापूर्ण थीं। डिनर के समय मेरी निगाह बार-बार उनकी तरफ चली जाती थी। अचानक नृपेन्द्र ने कहा-'ओ यूपी के राजपूत, तू बार-बार मेरी पत्नी को क्यूँ ताक रहा है...?'

मेरे ऊपर घड़ों पानी पड़ गया। शर्म और ग्लानि से मैं जड़ होने की स्थिति में आ गया था। तभी मन में सरस्वती का जागरण हुआ और मैं उबर गया। मेरे चेहरे की असहजता अचानक तिरोहित हो गई। हल्की मुस्कान के साथ मैंने कहा-'नृपेन्द्र भइया, क्या बताएं ? आप विश्वास करेंगे भी या नहीं, लेकिन असलियत यह है कि मेरी एक दीदी हैं, मौसी की लड़की शालिनी राठौड़, उनको और इन दीदी को साथ खड़ा कर देने पर यही लगेगा कि दोनों जुड़वा बहनें हैं...'

'क्या नाम बताए भैया, शालिनी राठौड़ ! मेरा भी मूल नाम यही है। शादी के बाद लड़कियों का गोत्र नाम बदल जाता है। इसलिए अब शालिनी परमार हूँ...!'-उनकी आवाज में खुशी और ताज्जुब की अजीब सी खनक थी।

मैंने मन ही मन इस तरह का संयोग बनने के लिए माँ सरस्वती का आभार व्यक्त किया। भोजन समाप्त कर बेसिन में हाथ धुलने के बाद सबसे पहले शालिनी का चरण स्पर्श किया-'दीदी, प्रणाम !'

सदा खुश रहो !-उन्होंने आशीर्वाद दिया था।

यह दीदी और भैया का यह रिश्ता खूब चला। सोमवार से शनिवार के बीच मैं मंदिर में रहता था। रविवार को वह कोई न कोई स्पेशल रसोईं करतीं और मुझे अपने फ्लैट पर आमंत्रित करती थीं। मैं 'नेशनल लेजेंड' में ढाई साल रहा, बीच में तीन बार गाँव आया था। वापसी में उनके लिए चावल के आंटे, बेसन और तिल के तीन तरह के लड्डू तथा पोपरा (सोंठ मेवा मिक्स गुड़) लेकर गया था।

वक्त बीता। राजनीतिक हलचलों के बीच कांग्रेस (आई) की चुनाव में पराजय हुई। इंदिराजी स्वयं हार गईं। जनता पार्टी की सरकार बनी, हमारी नियुक्तियों का सिलसिला शुरू हुआ। मेरे घर से तार गया-'कम सून। अपॉइंटमेंट इज अवाउट टू हैप्पन।'

मुझे याद है, जिस दिन मुझे घर के लिए निकलना था, शालिनी दीदी बड़ी दुखी लग रही थीं। छोटे भाई को अपने घर से विदा करने की जो लोक रीत प्रचलित है-कपड़ा, पैसा, रास्ते का खाना वगैरह देने की, दीदी ने सब कुछ किया था। नृपेन्द्र ने नई फिएट खरीदी थी। उस पर मुझे स्टेशन छोड़ने ले गए थे। एसी में रिजर्वेशन कराए थे। यहाँ तक कि ढाई साल में पहली बार मैंने उनके चेहरे पर गंभीरता की गहरी परत देखी थी।

बाद में हम लंबे समय तक चिट्ठी-पत्री से एक दूसरे की खोज-खबर लेते रहे...क्या समय था और कैसे-कैसे लोग थे...आज भी याद आते हैं...!

## संजय उवाच



# साधो देखो जग बौराना

मैं कल कबीर जयंती थी। यूँ कहें तो कबीर याने फक्कड़ फ़कीर, यूँ समझें तो कबीर याने दुनिया भर का अमीर। वस्तुत: कबीर को समझने के लिए पहले आवश्यक है यह समझना कि वस्तुतः हमें किसे समझना है। पाँच सौ साल पहले निर्वाण पाए एक व्यक्ति को या कबीर होने की प्रक्रिया को? दहन किये गए या दफ़्न किये गए या विलुप्त हो गये दैहिक कबीर को पाँच सदी की लम्बी अवधि बीत गई। अलबत्ता आत्मिक कबीर को समझने के लिए यह समयावधि बहुत कम है।

प्रश्न तो यह भी है कि कबीर को क्यों समझें हम? छोटे मनुष्य की छोटी सोच है कि कबीर से हमें क्या हासिल होगा? कबीर क्या देगा हमें? कबीर जयंती पर इस प्रश्न का स्वार्थ अधिक गहरा जाता है।

कबीर को समझने में सबसे बड़ा ऑब्सटेकल या बाधा है कबीर से कुछ पाने की उम्मीद। कबीर भौतिक रूप से कुछ नहीं देगा बल्कि जो है तुम्हारे पास, उसे भी छीन लेगा। पाने नहीं छोड़ने के लिए तैयार हो तो कबीर आत्मिक रूप से तुम्हें मालामाल कर देगा। आत्मिक रूप से मालामाल कर देने का एक अर्थ कबीर का ज्ञानी, पंडित, आचार्य, मौलाना, फादर या प्रीस्ट होना भी है। इन सारी धारणाओं का खंडन खुद कबीर ने किया, यह कहकर,

'मसि कागद छूयौ नहिं, कलम नहिं गहि हाथ।
कबीर दीक्षित है, शिक्षित नहीं।

कबीर अंगूठाछाप है। ऐसा निरक्षर जिसके पास अक्षर का अकूत भंडार है। कबीर कुछ सिखाता नहीं। अनसीखे में बसी सीख, अनगढ़ में छुपे शिल्प को देखने-समझने की आँख है कबीर। हासिल होना कबीर होना नहीं है, हासिल को तजना कबीर है। भरना पाखंड है, रीत जाना आनंद है। पाना रश्क है, खोना इश्क है,

हमन से इश्क मस्ताना, हमन को होशियारी क्या रहे।
आज़ाद या जग से, हमन को दुनिया से यारी क्या।

और जब इश्क या प्रेम हो जाए तो अनसीखा आत्मिक पांडित्य तो जगेगा ही,

पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।
ढाई आखर प्रेम का, पढ़ै सो पंडित होय।

कबीर सहज उपलब्ध है। कबीर होने के लिए, उसकी संगत काफी है। ओशो ने सहक्रमिकता के सिद्धांत या लॉ ऑफ सिंक्रोनिसिटी का उल्लेख कबीर के संदर्भ में किया है। किसी वाद्य के दो नग मंगाये जाएँ। कमरे के किसी कोने में एक रख दिया जाए। दूसरे को संगीत में डूबा हुआ संगीतज्ञ ( ध्यान रहे, 'डूबा हुआ' कहा है, 'सीखा हुआ' नहीं) बजाए। सिंक्रोनिसिटी के प्रभाव से कोने में रखा वाद्य भी कसमसाने लगता है। उसके तार अपने आप कसने लगते हैं और वही धुन स्पंदित होने लगती है।

कबीर का सान्निध्य भीतर के वाद्य को स्पंदित करता है। भीतर का स्पंदन मनुष्य में मानुषता का सोया भाव जाग्रत कर देता है। जाग्रत अवस्था का मनुष्य, सच्चा मनुष्य हो जाता है और बरबस कह उठता है,

साँची कहौ तो मारन धावै झूँठे जग पतियाना।
साधो, देखो जग बौराना।

## बोध कथा

# राजा और पंडित

एक समय की बात है, गौंतूर नाम के एक गांव में एक पंडित जी रहा करते थे। उन्होंने एक साहूकार के पास 500 रुपये यह सोचकर जमा करा दिए कि जब उनकी बेटी की शादी होगी, तो ये पैसे उनके काम आएंगे। देखते ही देखते समय निकलता गया और बेटी शादी योग्य हो गई। पंडित जी ने अपनी बेटी के लिए योग्य वर देखना शुरू कर दिया। उन्हें अपनी पुत्री के लिए एक लड़का पसंद भी आया, जिसके बाद पंडित जी साहूकार के पास अपने पैसे लेने गए। साहूकार ने उन्हें पैसे देने से इंकार करते हुए कहा- मेरे पास आपने कोई पैसे जमा नहीं कराए। आपके पास क्या सबूत है कि आपने मेरे पास पैसे रखे थे। क्या आपके पास उसका कोई लिखित प्रमाण है?

साहूकार की ये बातें सुनकर पंडित जी परेशान हो जाते हैं और वे समझ जाते हैं कि साहूकार ने उनके पैसे हड़प लिए हैं। एक दिन पंडित जी मंदिर से घर लौट रहे थे तभी उनके दिमाग में विचार आया कि उन्हें उस साहूकार की शिकायत राजा से करनी चाहिए। हो सकता है राजा इस परेशानी का कोई हल निकाल दें।



पंडित जी बिना देरी किए राजा से मिलने के लिए पहुंच गए और वहां जाकर उन्होंने अपनी परेशानी राजा के सामने रखी। पंडित जी की बात सुनकर राजा ने कहा कि कल नगर के लिए हमारी सवारी निकलेगी, तुम उस समय उस साहूकार की दुकान के सामने जाकर खड़े हो जाना। राजा की बात सुनकर पंडित जी अपना झोला उठाकर घर को निकल गए। अगले दिन राजा की सवारी निकली। नगरवासियों ने उन्हें फूलों की माला पहनाई व आरती उतारी। पंडित जी राजा के कहे अनुसार उस दुकान के सामने खड़े हो गए। राजा की सवारी साहूकार की दुकान के सामने आई, तो राजा ने पंडित जी को देखाकर प्रणाम किया और उनसे कहा कि आप यहां क्या कर रहे हैं। आप हमारे गुरु हैं, आप हमारे साथ बग्घी में चलिए। पंडित के बग्घी में बैठने के बाद साहूकार ने राजा की पूजा की और उन्हें फूलों की माला पहनाई।

उसके बाद राजा की बग्घी आगे बढ़ गई। पंडित जी को कुछ दूर आगे जाने के बाद राजा ने बग्घी से उतार दिया और बोला कि मैंने अपना काम कर दिया है। अब आगे देखों क्या होता है। पंडित और राजा के संबंध को देखकर साहूकार सोच में पड़ गया और उसे घबराहट होने लगी कि कही पंडित उसकी शिकायत राजा से न कर दे। वह घर जाकर रात भर सो नहीं पाया।

सुबह दुकान पर जाकर सबसे पहले साहूकार ने अपने मुनीम को पंडित जी को सह सम्मान दुकान में लाने के लिए कहा। मुनीम पंडित जी को ढूंढने निकल गया। कुछ देर बात पंडित जी उसे नगर में एक पेड़ की छाव में आराम करते हुए नजर आए। मुनीम ने पंडित जी को कहा कि साहूकार ने उनको दुकान में लेकर आने के लिए भेजा है। मुनीम, पंडित जी को सम्मान के साथ दुकान लेकर जाता है। साहूकार पंडिज जी को आदर सम्मान के साथ बिठाते हुए कहता है- मैंने पुराने खाते की अच्छी तरह जांच की और उसमें आपने मुझे पांच सौ रुपए दिए थे, इसकी जानकारी मिली है। यह पैसा पीछे दस सालों से मेरे पास जमा है, जिस वजह से इसका ब्याज मिलाकर यह बारह हजार पांच सौ रूपए हो गए हैं। फिर साहूकार उन्हें तेरह हजार पांच सौ रुपए देता हुए कहता है कि आपकी बेटी मेरी भी बेटी की तरह है, तो ये एक हजार रुपए मेरी तरफ से उसकी शादी के लिए हैं। साहूकार ने पंडित जी को तेरह हजार पांच सौ रुपए देकर बड़े ही प्रेम के साथ विदा किया। इस तरह पंडित जी को उनके अपने पैसों के साथ ही उसका ब्याज और शादी के लिए साहूकार की तरफ से एक हजार रुपये अतिरिक्त मिल गए।

## वीर गाथा

# भीम बहादुर थापाः लक्ष्य तक पहुंचने के लिए बढ़ाते रहे हौसला, 21 बलिदानियों में हुए शामिल

पैराट्रूपर भीम बहादुर थापा का जन्म नेपाल के धीरकोट जिले के मोचा बारी गांव में हुआ था। वे अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद सेना में भर्ती हो गए थे। उन्हें भारतीय सेना की पैराशूट रेजिमेंट में शामिल किया गया था। बाद में उन्हें 4 पैरा (एसएफ) में भेजा गया।

साल 1971 में भारत-पाक युद्ध हुआ था, जो 16 दिसंबर को बांग्लादेश की स्वतंत्रता और हमारी निर्णायक विजय के साथ समाप्त हुआ था। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में स्थित नागी गांव के एक टीले पर कब्ज़े का दुस्साहस किया था।

दरअसल पाकिस्तानी फौजी अधिकारियों को अपने मुल्क में खूब शर्मिंदगी उठानी पड़ रही थी। लिहाजा वे ऐसा कदम उठाना चाहते थे, जिससे वहां उनकी खूब वाहवाही हो। इधर, पाकिस्तानी हरकत की सूचना मिलते ही भारतीय सेना को आदेश दिया गया कि वह दुश्मन को मार भगाए।

27 दिसंबर को जवाबी हमला होना था। थापा भी उस टीम में शामिल थे। देर रात 4 पैरा की सी कंपनी ने जोरदार हमला बोला। भारी हथियारों से लैस दुश्मन ने भी भारतीय जवानों की ओर अंधाधुंध गोलाबारी की।

भारतीय जवानों ने इसका दृढ़ता से सामना किया और लक्ष्य की ओर बढ़े। अब भारतीय सेना ने भी तोपखाने से जोरदार जवाब देना शुरू कर दिया था। वहीं, इंजीनियर्स कोर के विशेषज्ञों ने बारूदी सुरंगों का पता लगाकर उन्हें निष्क्रिय कर दिया।

थापा अपने जवानों का हौसला बढ़ा रहे थे। वे जल्द लक्ष्य तक पहुंचकर वहां तिरंगा फहराना चाहते थे। उनकी सैन्य सूझबूझ के कारण पाकिस्तान के कई फौजी ढेर हो गए थे। आखिरकार 28 दिसंबर को सुबह 6 बजे उस इलाके पर भारतीय सेना का फिर से कब्जा हो गया। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में भारत के 21 वीरों ने बलिदान दिया, जिनमें भीम बहादुर थापा भी शामिल थे। हम समस्त देशवासी पैराट्रूपर भीम बहादुर थापा और उन बलिदानी जवानों को नमन करते हैं।



# कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में कक्षा- 6 में नामांकन हेतु जिलास्तरीय नामांकन समिति की बैठक हुई सम्पन्न



दुमका।

जिला अंतर्गत संचालित सभी कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा-6 में नामांकन हेतु जिलास्तरीय नामांकन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में प्रखण्डों में संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में कक्षा-6 में कुल 725 रिक्त सीट के विरूद्ध कुल 1491 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदनों में से प्रखण्ड स्तरीय नामांकन समिति द्वारा अनुमोदित कुल 699 छात्राओं के नामांकन की स्वीकृति प्रदान की गई। काठीकुण्ड में कुल 10, रानेश्वर से कुल 11 एवं सरैयाहाट में 04 एवं मसलिया में 01 रिक्त सीट पर नियमानुसार प्रतीक्षा सूची से अ.ज.जा. समुदाय के छात्राओं का चयन करने का निदेश दिया गया।

उपायुक्त द्वारा सभी वार्डेन को निदेश दिया गया विद्यालय में नामांकित किसी भी छात्रा को प्रताड़ित किसी भी शिक्षिका के द्वारा नहीं किया जाय अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी के साथ-साथ सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी वार्डेन, माननीय विधायक जरमुण्डी के प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रभाग प्रभारी उपस्थित थे।

# 169 वें हूल दिवस के अवसर पर शिकारीपाड़ा से संथाल काटा पोखर तक पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होने को लेकर बैठक

## हूल के गुमनाम शहीद व घटनास्थलों का चिन्ही करण तथा राजकीय सम्मान दिलाने, ऐतिहासिक जनजागरण तथा श्रद्धांजली अर्पण करना लक्ष्य

दुमका



169 वें हूल दिवस के अवसर पर शिकारीपाड़ा से संथाल काटा पोखर तक आयोजित पदयात्रा में शामिल होने को लेकर दिन शनिवार को शिकारीपाड़ा में समाजसेवी हाबिल मुर्मू के नेतृत्व व अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में एशिया महादेश के प्रथम विशाल आदिवासी जनक्राँति 1855 के संथाल विद्रोह की ऐतिहासिक आजादी, महत्व, मूल्यों, विरासत व धरोहरों तथा अमर शहीद आदिवासियों की वीर-गाथाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। ऐतिहासिक संथाल हुल के वीर शहीद आदिवासियों, गुमनाम शहीदों, गुमनाम घटनास्थलों और उनके न्यायिक जनसंघर्ष के सम्मान व याद पर आगामी 25 जून 2024 को सालतोला (जीवनपुर) सिदो मुर्मू-कान्हू मुर्मू चौक से संथाल काटा पोखर तक संभावित पदयात्रा कार्यक्रम में शामिल होने का निर्णय लिया गया। इस संदर्भ पर 25 जून की सुबह आठ बजे गाजे-बाजे के साथ पारंपरिक पोशाक पंची-पड़हाँड पहनकर, सोगलेपाड़ा स्थित वीर शहीद सिदो मुर्मू और कान्हू मुर्मू के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रवाना होने का फैसला लिया गया।

इस मौके पर भारी तदाद पर महिला-पुरूष, ग्राम प्रधान और लेखा होड़ को शामिल कराने का निर्णय लिया। बैठक में सुलेमान मुर्मू, जोसेफ किस्कू, सुनील मुर्मू, राजेश मुर्मू, सानू सोरेन, जितेंद्र मुर्मू, जयदेव राणा सहित अन्य युवाजन उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट

### एनजीटी के आदेश की अवहेलना कर किया जा रहा बालू का उठाव व परिवहन

**दुमका।** जिले में जरमुंडी प्रखण्ड में एनजीटी के आदेश की अवहेलना कर किया जा रहा है बालू का उठाव। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी तलों से बालू उठाव पर रोक लगाई गई है तथापि बालू सड़क निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों में एनजीटी के आदेश की अवहेलना कर नदी से बालू का उठाव कर का हवाला देकर बालू माफियाओं द्वारा ऊँची कीमत पर उसकी बिक्री की जा रही है। इस कार्य में कई सफेदपोश चेहरों की मिलीभगत का आरोप लगाया जा रहा है।

अपुष्ट सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बासुकीनाथ धाम में निर्माणाधीन रिंगरोड व अन्य ठेके के कार्य हेतु भारी मात्रा में बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि एनजीटी का सख्त निर्देश है कि उपरोक्त वर्णित समय तक बालू का उठाव प्रतिबंधित रहेगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 3 से 6 बजे तक जरमुंडी के विभिन्न घाटों से बालू का उठाव कर निर्माण कार्य स्थल तक उसे पहुंचाया जाता है।

### झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, कई इलाके में बिजली गुल

- किसानों के चेहरे खिले
- धान की बिचड़ा तैयार करने में लगे किसान



**मोहनपुर।** झमाझम बारिश होने से शनिवार दोपहर को मौसम खुशनुमा हो गया। इसमें लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली तो वही किसानों के चेहरे खिल उठे। हालांकि तेज बारिश के दौरान लगभग दो घंटे आगमन ठप हो गया।बारिश की वजह से विभिन्न इलाके में बिजली व्यवस्था चरमरा गई। इसकी वजह से ग्रामीण इलाके के लोग घंटे के बिजली गुल रहने से परेशान रहे। हवाओं के साथ हुई बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई बारिश का सभी ने जमकर मजा लिया। वहीं बारिश के कारण कुछ परेशानियां भी आई लेकिन लोगों ने इसे नजर अंदाज किया।

» फसलों के लिए वरदान साबित हुई बारिश

किसानों का कहना कि धान की नर्सरी में यह बारिश अमृत के समान है। किसान काफी खुश है। अभी मानसून के बाद किसान धान बिचड़ा तैयार करने में लगे हैं।

# वृक्षारोपण के साथ-साथ फलदार पेडों का किया गया वितरण

दुमका।



लायंस क्लब दुमका स. प. द्वारा नेशनल हाईवे रोड स्थित रामपुर चौक पर क्लब के सदस्यों द्वारा साईकल, मोटरसाइकिल, टोटो, ऑटो, कार, बस व ट्रकों को रोककर लोगों को फलदार पेड़ दिया गया तथा उनसे आग्रह किया गया कि पेड़ जरूर लगाएं। सही रूप से उसकी देखभाल करें और अन्य लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर क्लब के सदस्यों द्वारा रामपुर चौक के आसपास के गाँव में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें आम, लीची, कटहल, पाम, अशोक, पीपल व नीम के लगभग 330 पेड़ हैं जो लगाए एवं बाँटे गए। क्लब के सदस्यों के अनुसार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम निरंतर किया जाएगा। क्लब के अध्यक्ष लायन डॉक्टर शमीम अंसारी ने कहा सभी व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवशय लगाना चाहिए ताकि प्राकृतिक संतुलन बना रहे एवं हरा भरा रहे। क्लब के जन-संपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा ने कहा हम सभी जानते हैं कि पर्यावरण हमारे जीवन का एक अभिन्न हिस्सा है। बेहतरीन जीवन यापन के लिए हमें पर्यावरण का संरक्षण करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकास होना चाहिए लेकिन विनाश की शर्तो पर नहीं। डॉ. मनोज कुमार घोष ने कहा आदर्श नागरिक होने के नाते हम सबका पहला कर्तव्य कि हम पर्यावरण के महत्व को समझें और उन्हें दूषित और नष्ट होने से बचाएं। लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा ने कहा पर्यावरण की स्थिति में सुधार के लिए सरकार और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को समस्याओं से लड़ने और हमे पर्यावरण को बचाने के लिए एक साथ आना चाहिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने से पर्यावरण के बचाने में मदद मिल सकती है। लायन डॉ. अमिता रक्षित ने बताया पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और वायु की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। वे मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों के लिए आवशयक हैं। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन डॉक्टर शमीम अंसारी, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन डॉ मनोज कुमार घोष, लायन डॉ अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, लायन राकेश सिंघानिया, लायन डॉ अमिता रक्षित, लायन नीरज कोठरिवाल, लायन सुनील कुमार साहा, लायन नीरज कोठरिवाल, लायन चंदन कुमार साह, लायन सतीष कुमार, लायन अमूल्य पाल के अलावे क्लब के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# एसकेएमयू, दुमका में यूजी सेमेस्टर-1 की परीक्षा 23 केंद्रों पर शुरु

दुमका।

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय,दुमका में शनिवार से यूजी सेमेस्टर-1 की परीक्षा शुरू हो गई है। इस परीक्षा के लिए विभिन्न कॉलेजों में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। नई शिक्षा नीति के तहत सत्र 2023-27 में चार वर्षीय यूजी प्रोग्राम में नामांकन लेने वाले छात्र इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। एसकेएमयू के परीक्षा ओएसडी डॉ इन्द्रनील मंडल ने कहा परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी विषयों को परीक्षा विभाग द्वारा कुल तीन ग्रुप में बाँट दिया गया है।

ग्रुप- ए में इकोनॉमिक्स, हिंदी, सोशियोलॉजी, उर्दू, संस्कृत, गणित, एल एस डब्लू, जियोलॉजी, मैथली, गांधियन थॉट विषय को शामिल किया गया है, जबकि ग्रुप- बी में अंग्रेजी, इतिहास, जूलॉजी, केमेस्ट्री, एआईएच एंड सी, रूरल इकोनॉमिक्स, म्यूजिक, सांख्यिकी, पर्सियन, बैंकिंग एंड फाइनेंसियल सर्विसेज, मैनेजमेंट और एंथ्रोपोलॉजी विषय शामिल है।

ग्रुप-सी में जियोग्राफी, पोलिटिकल साइंस, संथाली, कॉमर्स, फिलोसफी, फिजिक्स, बंगाली, बोटनी, साइकोलॉजी, कंप्यूटर एप्लीकेशन, एकाउंटिंग एंड फाइनेंस और होम साइंस विषय को शामिल किया गया है।

शनिवार को दोनों पालियों में परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें ग्रुप-ए विषयों के छात्रों के लिए मेजर पेपर-1 की परीक्षा पहली पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की गई, जबकि ग्रुप-बी विषयों के छात्रों के लिए मेजर पेपर-1 की परीक्षा दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई।

बता दें कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विश्वविद्यालय में चार वर्षीय यूजी प्रोग्राम का यह दूसरा बैच है। परीक्षा 22 से 10 जुलाई तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार शाह ने बताया कि केंद्राधीक्षकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले दिन सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में लगभग 31, 000 अभ्यर्थी भाग ले रहे हैं तथा परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कुल 23 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

# मारवाड़ी युवा मंच मधुपुर के द्वारा रक्तदान शिविर और निशुल्क जांच शिविर




मधुपुर।

मधुपुर युवा मंच मधुपुर शाखा व देवघर सदर ओल्ड ब्लड बैंक और मधुपुर सदर हॉस्पिटल मधुपुर और सजस सुपर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 22 जून को कुंडु बंगला रोड स्थित अग्रसेन भवन सभागार में आयोजित किया गया। आयोजन का शुभ उद्धघाटन विशिष्ट अतिथि शबाना खातून ,मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष प्रकाश बथवाल, लायंस क्लब के अध्यक्ष विनोद लच्छीरामका, समाजसेवी कन्नू कन्हैयालाल,मारवाड़ी महिला समिति की सुकून अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। इस अवसर पर कल 35 रक्त वीरों ने रक्तदान किया और 50 व्यक्तियों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया।

मारवाड़ी मंच के अध्यक्ष अमित मोदी सचिन तुषार डालमिया कोषाध्यक्ष विवेक कलबलिया और मंच के सभी साथियों ने मिलकर इस आयोजन को आयोजित कर रक्त वीरों का सम्मान किया और जरूरतमंदों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच नजदीकी आने वाले समय भी उसने भी इसी तरह की व्यवस्था और भी करने की आश्वासन दिया।

# सिंघवा मे फिर बढ़ रहा हैं क्राइम का ग्राफ, प्रशासन मौन

संवाददाता।

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र मे क्राइम का ग्राफ एक बार फिर बढ़ने लगा हैं. नशे मे धुत अपराधी हर रोज किसी न किसी राहगीर का मोबाइल, पैसा आदि की छीनतई कर ही लेता हैं पुलिस के लाख प्रयास के बाबजूद भी इस पर लगाम लगाना पुलिस के लिये चुनौती बन चुकी हैं. थाना प्रभारी स्वयं भी इस क्षेत्र की गश्ती करते हैं, लेकिन फिर भी क्राइम रुकने का नाम नहीं ले रहा हैं. ड्रग्स की लत 12 वर्ष के बच्चे से लेकर 40 वर्ष तक के युवा को लग रहा हैं, हर रोज नए नए युवक नशा का आदी हो रहे हैं. सिंघवा नशेड़ियों के लिए सेफ जोन बन चूका हैं क्योंकि जानकारी के मुताबिक नशा का सप्लायर भी सिंघवा व आसपास के क्षेत्रों का ही हैं. सिंघवा के गांव होते डढवा नहीं गुजरती हैं जिससे शाम होते ही उसके किनारे नशेड़ियों का जमावड़ा लगने लगता हैं. नगर थाना पुलिस की गश्ती तो होती हैं लेकिन सिर्फ सड़क पर ही गश्ती कर चले जाती हैं जिसके कारण नशेड़ियों के लिए सिंघवा का डढवा नदी का किनारा सेफ जोन हो जा रहा हैं. नगर थाना प्रभारी स्वयं शाम की गश्ती मे निकलते हैं और अमूमन हर रोज सिंघवा गांव मे भी गश्ती करते हैं लेकिन नशे की आड़ मे अपराधी आराम से अपराध कर लोगों व राहगीरों को अपना निशाना बनाते रहते हैं.

- **चार माह मे हो चुकी हैं तीन की हत्याएं**

नगर थाना क्षेत्र के सिंघवा बीते चार महीनो मे एक दोहरा हत्या सहित तीन व्यक्ति की हत्या हो चुकी हैं जिसमे नशे मे सालिप्त युवक ड्रग्स की नशे मे एक दम्पति पति पत्नी की हत्या कर दी हैं जिसमे पुलिस ने सिंघवा के ही एक नशेड़ी को घटना स्थल से ग्रामीणों की मदद से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं वही अप्रैल महीने मे इंजीनियरिंग के छात्र की हत्या हो चुकी हैं जिसमे तकनीकी साक्षय के आधार पर सिंघवा के ही एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया हैं. इस घटना के बाद भी पुलिस ने कुछ दिनों तक सक्रियता दिखाई परन्तु फिर नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति कर गश्ती कर रही हैं लेकिन पुलिस का दर अपराधियों व नशेड़ियों पर नहीं पड़ रहा हैं.

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुमका के तत्वावधान में योग दिवस का आयोजन

दुमका।







प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुमका की बी. के. जयमाला दीदी की अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर राज वर्मा प्लेस में दिन शुक्रवार को योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ0 लुईस मरांडी ने स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर अपने संबोधन में कहा कि योग अभ्यास के दोहरे लाभों पर जोर देता है जैसे- व्यक्तिगत कल्याण को बढ़ाना और बड़े पैमाने पर समाज में सुधार करना। मंच का संचालन डॉ0 पीयूष ने किया। इस अवसर पर अमिता रक्षित, राजीव रंजन, राधेश्याम वर्मा, डॉ मनोज घोष, जतिन कुमार, संदीप कुमार जय बम बम, विक्रम कुमार व अन्य को योग शिक्षक राजीव साह ने वृक्षासन, ताड़ासन, सर्वांगासन, हलासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, उदित प्राणायाम कराया। योगा शिक्षक राजीव कुमार साह ने कहा कि योग मानव जीवन के सुख में और निरोगी जीवन के लिए एकमात्र साधन है। बच्चों के लिए भी यह बहुत जरूरी होता है। योग बच्चों का मन शांत रखता है और उनको सर्दी जुकाम खाँसी इत्यादि की समस्याओं से दूर रखता है। उन्होंने कहा कि योग आंतरिक शांति, आत्म कल्याण व खुशहाल तथा स्वस्थ जीवन अस्तित्व की आधारशिला है। योगाचार्य कृतिका कुमारी ने कहा कि प्रतिदिन सुबह नियमित योग करने का संकल्प लें।

सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका बीके जयमाला दीदी ने सभी योग शिक्षकों को सम्मानित किया तथा योग के योग के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि योग एक प्रकार का व्यायाम है, जिसके नियमित अभ्यास से हम शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। योग के माध्यम से कोई भी व्यक्ति पूर्ण रूप से निरोगी रह सकता है तथा सफल स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन का निर्वहन कर सकता है। उन्होंने कहा कि योग एक दवा की तरह है जो हमारे शरीर के अंगों को स्फूर्त रखता है तथा जो विभिन्न तरह की बीमारियों से हमें बचाये रखता है।

योग करने से व्यक्ति में सकरात्मक विचार उत्पन्न होते हैं और नकारात्मकता का नाश होता है। योग तनाव को कम करता है और मन को शांत व स्थिर रखने में सहायक होता है। योग मनुष्य को न केवल मानसिक व शरीरिक रूप से स्वस्थ रखने मे सहायक होता है अपितु अध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने मे भी सहायता करता है।

# बिहार ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार देवघर परिसदन पहुंचे

देवघर।

आज बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार देवघर परिसदन पधारे एवं जनता दल यूनाइटेड देवघर जिला के जिला अध्यक्ष सतीश दास के नेतृत्व में देवघर जिला के तमाम प्रदेश स्तर से लेकर जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के साथ बैठे और आगामी विधानसभा चुनाव संबंधित तैयारी के विषय में विचार विमर्श किया और उन्होंने आदेश दिया की देवघर विधानसभा में चुनाव की तैयारी में सभी कर्ज करता एवं पदाधिकारी अभी से लग जाए मुलाकात करने वालों में से निम्नांकित लोग उपस्थित थे जिला अध्यक्ष सतीश दास, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कामेश्वर नाथ दास, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिवेणी वर्मा, प्रदेश सचिव बेनी माधव झा जिला उपाध्यक्ष सुरेश्वर प्रसाद सिंह जिला सचिव राजकुमार दास प्रखंड अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मिथिलेश महथा, मीडिया प्रभारी जयंत राव पटेल जदयू महिला प्रकोष्ठ बबीता राव पटेल इत्यादि उपस्थित थे,

# देवघर पुलिस के सहयोग से बिहार पुलिस ने 6 को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई, नीट पेपर लीक मामला

संवाददाता।

**देवघर।** नीट पेपर लीक का कनेक्शन झारखंड के देवघर जिला से भी जुट गया है। बीती देर रात बिहार पुलिस ने देवघर पुलिस की सहायता से 6 लोगो को गिरफ्तार किया है। देवघर जिला के देवीपुर थाना पुलिस के सहयोग से पटना से आई बिहार पुलिस को नीट पेपर लीक मामला में बड़ी सफलता मिली है। देवघर के देवीपुर स्थित ऐम्स के पास झुनु सिंह के मकान से बिहार के शास्त्रीनगर थाना काण्ड संख्या-358/2024 के अनुसंधान के दौरान यह सफलता पुलिस को मिली है। गिरफ्तार सभी बिहार के नालंदा जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र के रहने वाले है। इनमें से पंकु कुमार,परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, दोनों बिहार के नालंदा जिला के छबिलापुर थाना के बेलदार विगहा का रहने वाला है। वही चिन्टु उर्फ बालदेव कुमार दरायपशुराय थाना के गुलरिया विगहा के रहने वाले है। जबकी काजु उर्फ प्रशांत कुमार नूरसराय थाना के दरूआरा का रहने वाला है। गिरफ्तार अजीत कुमार, एकंगरसराय थाना क्षेत्र के लोदीपुर का रहने वाला है। वही गिरफ्तार राजीव कुमार उर्फ कारू,एंकर सराय थाना के कुण्डवायर का रहने वाला है।सभी गिरफ्तार को संरक्षण में लेकर बिहार पुलिस अग्रतर कार्रवाई हेतु अपने साथ ले गयी।

न्यूज़ अपडेट

## बसरिया के गोपी दांगी सात दिनों से है लापता......

**चौपारण ।** प्रखंड के बसरिया पंचायत के ग्राम बसरिया निवासी गोपी कुमार दांगी पिता स्वर्गीय रामेश्वर दांगी 7 दिनों से लापता हैजिसका दिमागी हालत कभी-कभी सही नहीं रहता थो बहन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताई कि हमारे भैया मुंबई में





काम करते थे जो मुंबई के ग्रांड रोड से लापता हो गए हैं जबकि 17 जून 2024 दिन सोमवार तक 9693059173 इस मोबाइल नंबर से बात हुआ थोउसी दिन उसके बाद से मोबाइल बंद बताने लगा और बात नहीं होने लगीउसके बाद मुंबई में उसे ढूंढने का प्रयास एक दूसरे के माध्यम से किया गयोनही मिलने पर आवेदन हमलोग चौपारण थाना में भी दिए हुए हैंबताते चले की गोपी कुमार दांगी विवाहित व्यक्ति है जो अपने घर को चलाने के लिए इकलौता पुत्र है जब से यह लापता हुआ है इसके घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा हैऔर पूरे परिवार को रो-रोकर बुरा हाल हैइसके परिवार में इसकी मां, पत्नी और दो छोटे-छोटे बेटियां एक बेटे और दो अविवाहित बहने हैं शीतल वर्मा शिक्षित होने के नाते सोशल मीडिया के माध्यम से भी ढूंढने का प्रयास कर रही है और सभी लोगों से ढूंढने के लिए मदद का गुहार लगा रही हैगोपी दांगी की पहचान उम्र 32 वर्ष,सांवला रंग, माथे पर बालों का चंदलापन होना, नाकों के बीच एक तिल का होना और पैरों में चोट होने के कारण भचक कर चलनो

## बरही में आजसू पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मना

- **झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारियों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित**



**संवाददाता बरही।** प्रखंड आजसू पार्टी कार्यालय में आजसू का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर आजसू पार्टी के सभी प्रखंड के अध्यक्ष उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू पार्टी के बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान व संचालन प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने किया। इस अवसर पर बरही के अलग राज्य झारखंड के आंदोलनकारियों में बिजय सिंह, मिथलेश सिंह, सरयू सिंह, किशोर ठाकुर, युगेश्वर कुमार, युगल शर्मा, लखन सिंह, डॉ आरके नटवर मुख्य रूप से शामिल हुए। उक्त सभी आंदोलनकारियों को आजसू प्रभारी राजसिंह चौहान के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उक्त सभी आंदोलनकारी के बहुमूल्य विचारों को आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सुना। मौके पर पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य,पंसस विकास कुमार सिंह, बसंत कुमार शर्मा,अभय कुमार सिंह,उज्जवल सिंह,अरुण सिंह,सुरेश प्रजापति,रवि राजन सिंह,निर्मल प्रसाद, बसंत कुमार शर्मा सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में इस भीषण गर्मी में 22 घंटे बिजली रही गुल

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र में इस भीषण गर्मी में शुक्रवार दोपहर साढ़े बारह से लेकर शनिवार ग्यारह बजे तक यानी 22 घंटे बिजली गुल रही।बिजली नहीं मिलने से लोगों की काफी परेशानी बनी रही। हालांकि दिन में हल्की बारिश हुई जिससे लोगों को कुछ राहत तो मिली, लेकिन बिजली नहीं रहने पर लोगो को दोहरी भीषण गर्मी में गर्मी का दंश झेलना पड़ा।प्रखंड क्षेत्र में इस तपती गर्मी में बिजली की आंख मिचौली लगातार जारी जो एक समस्या बनी हुई है।बिजली उपभोक्ताओं के मोबाइल और इनवर्टर डिस्चार्ज हो जाने से काफी परेशानी झेलना पड़ा।बिजली नहीं रहने पर सबसे ज्यादा असर बच्चे जो, समय पर स्कूल जाने पर तैयार नहीं हो सके।एक तरफ भीषण गर्मी में बेवक्त बिजली कटौती से लोगों को रहना मुश्किल हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ व्यवसायी वर्ग के लोगों को बिजली की आंख मिचौली से काफी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वैसे एक तरफ भीषण आग उगलती गर्मी, दूसरी तरफ बिजली नही,जिससे लोग बेहाल हो गए साथ ही इंटरनेट सेवा का उपयोग नहीं कर पाने से लोग काफी परेशान हो गए।

## मादक पदार्थ व नशा मुक्ति को लेकर बरकट्ठा में चला जागरूकता अभियान

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड धाम में शनिवार को मादक पदार्थ व नशा मुक्ति को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में जिला योजना




पदाधिकारी पंकज तिवारी नें नशामुक्ति से होने वाले कुप्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में खासकर युवा वर्ग में नशा करने की लत लग गई है. जिससे छुटकारा पाना एवं एक दूसरे को नशा के कुरितियों से दूर रहने को लेकर प्रेरित करने कि जरूरत है.वही जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय ने नशा मुक्ति को लेकर कहा कि नशा करने को लेकर लोगों को सजग रहने की जरूरत है ,व नशा से दूर रहने की जरूरत है.कार्यक्रम में त्रिपुरारी पाण्डेय,संजय पाण्डेय,संजय कुमार गुप्ता,प्रदीप पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय,संतोष कुमार पाण्डेय,जयराज पासवान,रिंकू माली,मिथलेश गुप्ता,पंकज पाण्डेय के अलावे दर्जनों लोग शामिल थें।

## विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर विभिन्न पंचायतों में चापाकल बोरिंग की हुई शुरुआत

**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडतरी व बादम पंचायत में विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर चापाकल बोरिंग का कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान गांव के बुद्धिजीवियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर बोरिंग का शुभारंभ करवाया गया। इस दौरान खैरातरी में संजय महतो के घर के पास व बादम पंचायत के ग्राम राउतपारा में गंगाधर महतो के घर के सामने, प्रकाश साव के घर के सामने, बालो महतो के घर के पास चापानल बोरिंग का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

मौके पर पंचायत अध्यक्ष मनोज ठाकुर, प्रभु महतो, शंकर महतो, रघु महतो, अभय महतो, पुरनी देवी, सुगनी देवी वार्ड सदस्य, रूपल महतो, कृष्ण महतो, गोविंद महतो, जीतन महतो, प्रदीप महतो,यमुना महतो, गंगाधर महतो, विनोद महतो मौजूद थे।

# आजसू पार्टी का 38 वॉ स्थापना दिवस बड़कागांव में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

### सभी कार्यकर्ता को एक सम्मान लेकर चलूंगा ,मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है विकास करना-रौशनलाल

बड़कागांव।



**बड़कागाँव।** आजसू पार्टी का 38 वॉ स्थापना दिवस बड़कागांव स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में हर्षोउल्लास के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा वं संचालन कामेश्वर महतो ने किया।कार्यक्रम के बातौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझु ने संबोधन में कहा कि मैं बड़कागांव के हर वर्ग के लोगों का कभी भरोसा टूटने नहीं दूंगा, हर कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी होती है, मैं विश्वास दिलाता हूं कि सभी कार्यकर्ता को एक सम्मान लेकर चलूंगा मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास करना। मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव कौलेश्वर गंझु ,केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो,मुखिया अनिकेत नायक , केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, राजा खान,नागेश्वर तुरी,जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जावेद खान,दिनेश महतो,जिला सचिव गिरेंद्र प्रसाद, चन्द्रनाथ महतो,प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता, तापेश्वर कुमार ञतापस ,कृष्णा साव, सुरेश प्रसाद दांगी, तुलेश्वर राम, नवलेश यादव,घनश्याम कुमार दांगी, रामेश्वर महतो ,श्याम निराला, हुलास प्रसाद दांगी, उमेश प्रसाद दांगी, सुरेश गिरी, सेवक प्रसाद, अजय कुमार, मुखिया प्रभु महतो, सुनील कुमार, गणपति साव, संतोष सिन्हा, अर्जुन महतो, अजित कुमार दांगी, खेमलाल महतो, राजेश्वर महतो, पप्पू प्रसाद मेहता,नारायण महतो,महेन्द्र विश्वकर्मा,कैशर आलम, आवेश अंसारी, मो. रब्बानी, गुड्डन सिंह, गजा सिंह, मो. फिरोज आलम, नंदकिशोर महतो, पंकज कुमार मेहता, दीपक कुमार, गोपाल महतो,देवलाल महतो, रंजीत महतो,निर्मल महतो,जागेश्वर गंझु, निरोज करमाली, राथो गंझु, बालदेव महतो,शंकर मिश्रा, रफीक अंसारी,कौलेश्वर महतो, तुलेश्वर महतो सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दनुआ घाटी बनी मौत से प्रसिद्ध, फिन हुई रक्तरंजित ट्रक और कार पलटी कई घायल,

संवाददाता।

चौपारण दनुआ घाटी के सांझा में दो गाड़ियों में हुई जोरदार टक्कर जिसमें चालक घायल हो गया, चालक का नाम अहमद फिरोज उम्र 36, पिता इकबाल अहमद जौनपुर के रहने वाला हैं घटना स्थल पर पहुंची एनएचएआई एंबुलेंस चिकत्सक मिंटू गुप्ता और पायलट सतेन्द्र कुमार के द्वारा समुदाई8 स्वस्थ केंद्र लाया गया जहां अभी चालक का उपचार चल रहा हैं । चालक द्वारा बताया जा रहा हैं की गाड़ी में नर्सरी पोधा लोड हैं जो की कोलकाता से गुजरात जा रहा था उसी क्रम में सांझा ब्रेकर के के पास अचानक ब्रेक लगाने पर पीछे से आ रही ट्रक जोरदार टक्कर मार




दी जिससे दोनों गाड़ी अनियंत्रित हो कर पलट गई और गाड़ी करीब 10 फिट नीचे जा गिरी। घाटी में नहीं थम रहा हैं दुर्घटनाएँ घाटी में आज सुबह फिर पीके इंटरनेशनल से पहले हुआ दुर्घटना । चौपारण पीके इंटरनेशनल के समीप टर्निंग में बलेनो गाड़ी आन्नियंत्रित हो कर करीब 20 फिट नीचे गड्ढे में जा गिरी जिसमें तीन लोग सवार थे 2 लोग को हल्का चोट आई है और चालक का माथा में चोट आने से घायल हो गया, चालक का नाम विजय कुमार उम्र 45, संतोष कुमार उम्र 40, और मुना कुमार उम्र 42 तीनो बिहार भोजपुर के रहने वाले हैं , बताया जा रहा हैं तीनों लोग भोजपुर से रांची जा रहे थे उसी क्रम में पीके इंटरनेशनल होटल के समीप मोड़ में अचानक गाड़ी अनियंत्रित हो गई और पलट कर नीचे जा गिरी, घटना स्थल पहुंची एनएचएआई एंबुलेंस टीम सुनील कुमार और सतेन्द्र कुमार के द्वारा तीनों लोग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां अभी जपचार चल रहा हैं ।

## विष्णुगढ़ पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी के घर चिपकाया इश्तियार

विष्णुगढ़।

विष्णुगढ़ थाना पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी के घर शनिवार को पोस्टर चिपकाया है।मिली जानकारी के मुताबिक प्रखंड अंतर्गत भेलवारा के ग्राम बेलाटांड निवासी मधु देवी पति मुकेश मल्हार ने अपने देवर राकेश मल्हार पिता स्व० चंदर मल्हार पर यौन शौषण का आरोप अपनी बहन के साथ लगाते हुए विष्णुगढ़ थाना में 18 फरवरी को मामला दर्ज कराया है।दर्ज मामले में कहा है कि 14 फरवरी को रात्रि ग्यारह बजे वह जबरन मेरी छोटी बहन को मोटरसाइकिल में बैठाकर अपने घर ले जाकर कमरे में उसके साथ यौन शौषण किया है।उन्होंने बताया कि मेरे पास मेरी बहन का उम्र से संबंधित कोई भी प्रमाण पत्र उपन्नब्ध नहीं है। मैं गर्भवती हूं और विगत करीब दो माह पूर्व मेरी देखभाल करने के लिए मेरी बहन मेरे घर आई हुई थी। पिछले दो माह से मेरे घर पर रह रही है। बहन सरस्वती पूजा देखने सहेलियों के गयी थी।इसी समय करीब रात ग्यारह बजे आरोपी महुवाटांड में मिला और बोला कि तुम्हारा जीजाजी फोन कर रहा है और तुम्हारी बहन घर में अकेली है इस लिए तुमको घर बुला रहा है। उसके



बाद उसने मेरी बहन को घर छोड़ने की बात कहकर मोटरसाइकिल में बैठाकर अपने घर पर ले गया। उस वक्त वहां पर कोई नहीं था और अपने कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने लगा और साड़ी को गला में फंसाकर जान से मारने की धमकी देने लगा। कमरे का दरवाजा बंद करके मुंह को दबाकर जबरन मेरी बहन का यौन शोषण किया है। देर रात को मेरी बहन ने घर आकर मुझे सारी आपबीती घटना सुनाई।इस सम्बंध में विष्णुगढ़ कांड संख्या 31/24 दिनांक 18.02.2024, धारा 376 भादवि( आईपीसी ) एवं चार लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्राथमिकी के विरुद्ध युक्त कांड में फरार रहने के कारण कांड के अनुसंधानकर्ता एवं पुलिसकर्मी के द्वारा अभियुक्त इश्तिहार के घर पर जाकर ढोल पिटवा कर चौक चौराहे एवं सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर चिपकाया गया।

## प्रमुख फुलवा देवी के नेतृत्व में पंसस ने किया ब्लॉक का निरीक्षण, कई अधिकारी समय पर नहीं दिखे

### बीडीओ ने किया निर्देश जारी , सभी कर्मचारी समय 10:30 बजे पहुंचे कार्यालय

बड़कागांव ।

बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में समय पर कार्यालय में अधिकारियों की उपस्थित नहीं होने के कारण बार-बार मिले ग्रामीणों से शिकायत को देखते हुए शनिवार को पंचायत समिति प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कु प्रसाद, रंजीत कुमार चौबे, प्रभु राम ,रमणिका कुमारी, सुमन कुमारी व अन्य ने प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश कर्मचारी समय पर अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं




दिखे। निरीक्षण करने के बाद प्रखंड विकास प्राधिकारी के साथ बैठक कर सभी कर्मचारियों को 10:30 अपने कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश जारी करवाया गया। प्रमुख व उप प्रमुख ने कहा कि कई दिनों से ग्रामीणों की शिकायत मिल रही थी कि अधिकांश अधिकारी समय पर नहीं पहुंचते हैं और समय होने से पहले चले जाते हैं।जिसके कारण काम करने में काफी परेशानी होती है। इसी को लेकर पंचायत समिति सदस्यों ने ब्लॉक का निरीक्षण करने लगे तो देखा कि समय पर अधिकांश अधिकारी उपस्थित नहीं हैं। कोई 11 :30 बजे तो कोई 12:00 बजे अपने-अपने कार्यालय पहुंच रहे थें। उपस्थित पंचायत समिति के सभी सदस्यों ने ग्रामीणों से आग्ररा किया है कि समय पर कोई भी अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं तो उनसे आप देर होने का कारण पूछे, क्योंकि हर अधिकारी एवं पदाधिकारी ग्रामीणों के काम करने के लिए नियुक्त किए जाते हैं। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइया, अरुण कुमार पटेल, संतोष मेहता के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## मंत्री अन्नपूर्णा देवी का कोडरमा आगमन, जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



कोडरमा।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी शुक्रवार को कोडरमा पहुंची इस दौरान गिरिडीह से कोडरमा ऑन रोड आने के क्रम उनका गिरिडीह जिला के अलावे बरियारडी, नवलशाही, डोमचांच, कोडरमा, इत्यादि कई जगहों पर कार्यकर्ताओं ने खुशी में अतीशवाजी कर फूल माला से जोरदार स्वागत किया गया, इस दौरान नवलशाही स्थित चौक पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष किशोर यादव एवं महामंत्री कृष्ण कुमार साव के द्वारा संयुक्त नेतृत्व में स्वागत सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भाजपा कार्य कर्ताओं ने मंत्री अन्नपूर्णा देवी की आगमन होने पर ढेर सारी आतिशबाजी पश्चात पुष्प माला, गुलदस्ते इत्यादि से भव्य स्वागत किया गया। वही मंत्री अन्नपूर्णा देवी कोडरमा लोकसभा से अपनी प्रचंड जीत के प्रति जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता मुझे वोट देकर भरपूर आशीर्वाद देने का काम किया जिसका परिणाम आज मैं इस लायक हूं इसके लिए मैं सदैव ऋणी रहूंगी साथ-ही-साथ जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के विकास के लिए मैं अपनी सक्रिय भूमिका निभाऊंगी। मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप जोशी पूर्व जिला अध्यक्ष नीतेश चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि बासुदेव यादव उर्फ साधु यादव, पंकु साव, मनोज ठाकुर, प्रकाश साव, ज्ञानी साव भोलाराम, किशोरी साव, महेश शाह, दिलीप सिंह, सुनील साव, लक्ष्मण यादव, फूलचंद शाह, परमेश्वर सिंह, उमेश शर्मा, गन्नू शर्मा, सोनू यादव इत्यादि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 203 कोबरा बटालियन ने 10 वां अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

संवाददाता बरही।

**बरही।** 203 कोबरा बटालियन में 21 जून 2024 को 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कोबरा बटालियन के कमांडेड पवन कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण,अधिनस्थ अधिकारीगण एवं कोबरा के कर्मिक सहित उनके परिवार के सदस्यों ने योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षित कोबरा के जवान ने अपनी विशेषज्ञता के साथ सामान्य योग प्रोटोकॉल अनुक्रम का पालन करते हुए सामूहिक योग कार्यक्रम का संचालन किया। योग प्रशिक्षक ने योगाभ्यास के महत्व और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में विभिन्न योग क्रियाओं, ध्यान अभ्यास, संकल्प, प्रार्थना आदि का आयोजन किया गया। कोबरा के जवानों एवं कर्मियों द्वारा पूरे दिल से की गई भागीदारी ने आयोजन बहुत सफल बनाया।



## बरही पहुंचा सांसद मनीष जायसवाल का धन्यवाद यात्रा, कोरियाडीह में जोरदार स्वागत

### हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के विकास को लेकर लोगो से सहयोग का किया अपील, किया सीधा संवाद

संवाददाता बरही

बरही। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल इन दिनों अपने लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं का आभार व्यक्त करने धन्यवाद यात्रा पर निकले हैं। उनका धन्यवाद यात्रा शुक्रवार को बरही विधानसभा क्षेत्र पहुंचा और उनके साथ पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान इटखोरी में मां भद्रकाली की पूजा अर्चना करके बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण और बरही प्रखंड के दो दर्जन से अधिक गांव पहुंचकर मतदाताओं का आभार जताया। इसी कड़ी में देर रात्रि करीब 11 बजे सांसद मनीष जायसवाल




का काफिला धनवार पंचायत के कोरियाड़ीह गांव पहुंचा। जहां स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में सांसद मनीष जायसवाल एव पूर्व मंत्री पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सहित अन्य गणमान्य लोगों को भागवा अंग वस्त्र बुके देकर सम्मानित किया गया। सभा का संचालन समाजसेवी अजय कुशवाहा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार प्रसाद ने किया। इस दौरान मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों से विकास के मॉडल में सहयोग का अपील किया। कहा कि क्षेत्र का विकास तभी सम्भव है जब आप सभी सहयोग करेंगे। वहीं स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मनीष जायसवाल जनजन के नेता है, दलगत भावना से ऊपर उठकर वह क्षेत्र का काम करते है यही उनकी विशेषता है। मौके पर महिला नेत्री सह सामाजिक कार्यकर्ता ममता देवी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चन्द्रवंशी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, नवलकिशोर सिंह, पंकज वर्णवाल, मनोज उपाध्याय, बिपिन सिन्हा, पंसस संतोषी कुमारी, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, राजकुमार प्रसाद, राजेन्द्र उर्फ राजन, जागेश्वर प्रसाद, निर्मल प्रसाद, केशो महतो, अरुण कुमार मेहता, रामजी प्रसाद, सुधीर कुमार, उमेश प्रसाद, झरी महतो, विकाश यादव, अजीत प्रसाद, सुधीर कुमार, पप्पु प्रसाद, अशोक प्रसाद, मंटु कुमार, मोहन प्रसाद, नेहरू कुमार, दिलीप कुमार, संदीप कुमार, बंधु महतो, बालदेव महतो, चन्दन प्रसाद, सुरेन्द्र वर्मा, दिनेश प्रसाद, रामदेव सिंह, मोहन प्रसाद, उमेश यादव, तेज नारायण प्रसाद, हरि प्रसाद, प्रकाश साव, तिलक यादव, ब्रह्मदेव यादव, रवि कुमार, केशो यादव, दीपक केशरी, मनोज केशरी, सुरज साव, श्रीकांत साव, विनय कुमार, मनोज कुमार, महेंद्र प्रसाद, सुनील केशरी, तिलक महतो सहित भरी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# संघर्ष और बलिदान के कारण मिला झारखंड राज्य: सचिन महतो

**बोकारो।**

आजसू पार्टी का झारखंड राज्य गठन से पहले और गठन के बाद के बाद तक संघर्ष और त्याग का इतिहास रहा है। एक लंबी लड़ाई लड़कर अलग राज्य हासिल किया है।आजसू के लिए गौरव का पल तब होगा जब यहां के जनमानस के अनुरूप राज्य को देश के नक्शे पर उभरने में हम सभी कामयाब होंगे।उक्त बातें आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष सचिन महतो ने आजसू पार्टी के स्थापना दिवस पर दीपार्जलि पैलेस,चास में कही।उन्होंने कहा कि पार्टी आज पूरे राज्य में स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मना रही है।जिस झारखंडी




विचारधारा को लेकर आजसू की नींव रखी गई थी,उस विचारधारा को सुरक्षित रखना हमारा कर्तव्य है।यहां की जनता के संघर्ष, अधिकार,भावनाओ और सपने को साकार करने के लिए पार्टी सदा संघर्षरत रहेगी।कहा कि आजसू से आम जनमानस की उम्मीदें है।हम विकास और झारखंडी विचारधारा की राजनीति करते है।इसलिए कार्यकर्ता जनभावना के अनुरूप चलें।पार्टी के नीति व सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें।इस दौरान पार्टी के महापुरुषों को याद किया गया एवं झारखंड आंदोलनकारी को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया तथा वृक्ष रोपण का कार्यक्रम किया गया।

मौके पर झारखंड आंदोलनकारी पार्वती चरण महतो, अरुण कुमार महतो, कुमोद चंद्र महतो, रूपलाल महतो, शंकर महतो, महादेव महतो, उमेश महतो, फलारी महतो, सुभाष चंद्र महतो, टेकलाल महतो, सुभाष चंद्र महतो को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अभय शर्मा तथा संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष अहमद सौदागर और नगर महासचिव बिरेंद्र हरि ने किया।

कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष अंकित पांडे ने समर्थको के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मौके पर केंद्रीय सचिव अश्वनी महतो, मो. सुल्तान, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अशोक महतो, उपाध्यक्ष अनिल झा,संतोष कुमार महतो, जिला सचिव बंकू बिहारी सिंह, विकाश महथा,संगठन सचिव अजय गोस्वामी, युवा मोर्चा अध्यक्ष तापेश मेहता, चास नगर सचिव मोहित सिंह, अमर पाल, कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ गोराई, भीम महतो, मुन्ना ओझा, लक्ष्मण महतो, पप्पू सिंह, कार्तिक दिगार, विकाश सिंह, हर्ष तिवारी, सरजू महतो, मोनू गोस्वामी, नवीन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## न्यूज़ अपडेट

### अबुआ आवास योजना में कथित अनियमितता की शिकायत की



**डुमरी।** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सह युवा कांग्रेस के नेता रोहित कुमार ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अबुआ आवास योजना अंतर्गत लाभुकों के चयन में काफी विसंगतियां हुई है,अबुआ आवास वैसे लोगों को भी मिल गया जो सुखी सम्पन्न हैं क्योंकि वे लोग दिखावे के लिए अपना एक मिट्टी का मकान रखे हुए हैं जिसको दिखाकर वे सब उपयुक्त लोगों का हक मारकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले लेते हैं, जो उचित नहीं है।उन्होंने स्थानीय प्रशासन से इसकी गहराई से जांच कर अबुआ आवास आवंटन सूची से सम्पन्न व्यक्तियों के नाम हटाकर जरूरतमंद लोगों का नाम जोड़ने का काम करने की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा कि वन विभाग के कतिपय कर्मियों की मिलीभगत से भरखर आदि विभिन्न पंचायतों में हो रहे सड़क निर्माण में क्रेशर से गिट्टी पत्थर ना लाकर नदी और वन क्षेत्र में अवस्थित पत्थर को ट्रैक्टर ड्रील मशीन से तोड़ कर उपयोग में लाया जा रहा है जिस पर अंकुश लगना आवश्यक है, क्योंकि इससे सरकार को राजस्व की हानि तो हो ही रही है साथ ही सड़क की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है

### प्रतापपुर फिडर को सरिया पावर ग्रिड से जोड़ने हेतु होगी जांच पड़ताल

**डुमरी।** जिप सदस्य सुनीता कुमारी एवं भाजपा नेता सुरेन्द्र कुमार ने शनिवार को विद्युत सहायक अभियंता, महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता प्रतोष कुमार से मुलाकात कर व एक पत्र सौंपकर प्रतापपुर सब स्टेशन को सरिया पावर ग्रिड से जोड़ने की मांग की है।



उक्त पत्र में लिखा कि डुमरी प्रखंड के उपभोक्ताओं को लगातार बिजली संकट झेलना पड़ रहा है क्योंकि डीवीसी पर निर्भरता के कारण डुमरी सहित आसपास के प्रखंडों के जेबीवीएनएल के उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है,जेबीवीएनएल का प्रतापपुर सब स्टेशन डीवीसी ग्रिड से जुड़ा हुआ है,ग्रिड में तकनीकी खराबी आने सहित समय-समय पर लोड शेडिंग करने से प्रतापपुर पावर सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं को निर्वाध बिजली नहीं मिल पा रही है। जिप सदस्य ने कहा कि प्रतापपुर सब स्टेशन को सरिया पावर ग्रिड में जोड़ने से घंटो बिजली कटौती की यह गंभीर समस्या का निदान हो जाएगा।जिससे डुमरी प्रखंड वासियों को नियमित बिजली मिल पाएगी,विभाग को इस गंभीर समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रतापपुर सब स्टेशन को सरिया पावर ग्रीड से जोडने पर तत्काल पहल करनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने जाम तारा,पिपराडीह,पंचवटीनगर,लक्ष्मणटुंडा,मधगोपाली,मटियोयोबेड ा, इसरी पंजाबीटोला,घटवार टोला, केंदूवाडीह,बड़कीटांड़ सहित कई स्थानों पर जर्जर पोल तार एवं जले मीटर को तत्काल बदलने की अवशयकता है। इधर जिप सदस्य ने बताया कि जीएम ने कहा कि प्रतापपुर फिडर को सरिया पावर ग्रिड जोड़ने की जो आवेदन मिला है उसकी जांच पड़ताल विभागीय स्तर से करवा कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। वहीं जहां-जहां तार पोल बदलने एवं नई लगाने की आवेदन मिला है उसका भी समाधान जल्द ही कर दिया जाएगा

### विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर विभिन्न पंचायतों में चापाकल बोरिंग की हुई शुरुआत

**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडतरी व बादम पंचायत में विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर चापाकल बोरिंग का कार्य का शुभारंभ किया गया। इस दौरान गांव के बुद्धिजीवियों व कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर बोरिंग का शुभारंभ करवाया गया। इस दौरान खैरातरी में संजय महतो के घर के पास व बादम पंचायत के ग्राम राउतपारा में गंगाधर महतो के घर के सामने, प्रकाश साव के घर के सामने, बालो महतो के घर के पास चापानल बोरिंग का पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया।

मौके पर पंचायत अध्यक्ष मनोज ठाकुर, प्रभु महतो, शंकर महतो, रघु महतो, अभय महतो, पुरनी देवी, सुगनी देवी वार्ड सदस्य, रूपल महतो, कृष्ण महतो, गोविंद महतो, जीतन महतो, प्रदीप महतो,यमुना महतो, गंगाधर महतो, विनोद महतो मौजूद थे।

## आजसू के बलिदान दिवस पर झारखंड आंदोलनकारियों को याद करते हुए भावुक हो गए विधायक डॉ लम्बोदर महतो

**गोमिया।**

बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड स्थित भामाशाह तैलिक धर्मशाला में बलिदान दिवस के रूप में आजसू पार्टी ने अपना स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में झारखण्ड आंदोलन में आजसू की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने भावुक होकर कहा कि आजसू की स्थापना का एकमात्र उद्देश्य बिहार से अलग कर शोषण मुक्त झारखण्ड बनाना था। इसके लिए आजसू संगठन में रहकर कई आन्दोलनकारियों ने अपने बलिदान व प्राणों की आहुति दिया है ,कई लोगों ने मुकदमें में ही अपना सारा जीवन बिता दिया। मगर झारखण्ड गठन के कई वर्ष बाद भी झारखंड के लोग शोषित हो रहे है। इस शोषण से मुक्ति के लिए दोबारा एकजुट होकर आंदोलन करने की आवशयकता है। विधायक ने झारखंड आंदोलनकारियों की याद में भावुक होते हुए कहा कि झारखंड के लोगो को उनके हक



और अधिकार दिलाना ही शहीद आंदोलनकारियों के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक ने आजसू संगठन में रहकर गोमिया विधानसभा क्षेत्र के उन सभी आंदोलनकारियों के बारे में बताया जिन्होंने झारखण्ड अलग राज्य के आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि झारखण्ड आंदोलन में गोमिया विधानसभा क्षेत्र की भी अग्रणी भूमिका रही है। इसे भुलाया नहीं जा सकता है।

वहीं विधायक डॉ महतो ने कार्यक्रम में आये हुए झारखंड आंदोलनकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के गोमिया प्रखंड अध्यक्ष महेश महतो व मंच संचालन राजकुमार यादव व मिन्हाज अंसारी ने किया। मौके पर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा, विधायक की धर्मपत्नी सह समाजसेविका कौशल्या देवी, मुखिया अंकेश्वर महतो,पूरन महतो,डालचंद महतो,योगेंद्र केवट,अमित गुप्ता, मोहन नायक,सुजीत प्रसाद,सुधीर ठाकुर,कामेश्वर महतो, सहित प्रसाद,छोटू साव,विनय साव,नवल सिंह,मालती देवी,बसंती देवी,आशा देवी आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला में नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया




**बोकारो।**

उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर नशा मुक्त समाज के निर्माण एवं युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने को लेकर जारी अभियान के तहत जिले में कई जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को *चास प्रखंड के तालगेरिया स्थित कौशल विकास केंद्र में अध्ययनरत छात्राओं के बीच चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के बीच मादक द्रव्यों के सेवन से होने वाले नुकसान से जागरूक करना और स्वयं ऐसा नहीं करना एवं दूसरों को भी ऐसा नहीं करने को लेकर प्रेरित करने की सीख देना है। इस कार्यक्रम में छात्रों ने काफी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने वक्तव्य संबोधन के माध्यम से नशीले मादक पदार्थों का सेवन हर आयु वर्ग के लोगों को नहीं करने के लिए प्रेरित किया। चित्रांकन प्रतियोगिता में भी छात्रों ने एक से बढ़कर पोस्टर बनाकर नशा मुक्त भारत बनाने का संदेश दिया। वहीं, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के जागरूकता रथ द्वारा भी जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर आमजनों को नशा से मुक्ति का संदेश दिया। विभिन्न आडियो विजुअल संदेश के माध्यम से आमजनों को मादक पदार्थों को छोड़ने के लिए प्रेरित किया। जानकारी हो कि, राज्य सरकार मादक पदार्थों के रोकथाम को लेक र पूर्णतः संकल्पित है। आमजनों के बीच जागरूकता को लेकर राज्य सरकार ने आगामी 26 जून 2024 तक जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है।

## डीविसी सीएसआर की ओर से निःशुल्क श्रवण जांच एवम निःशुल्क मशीनों का वितरण किया गया

**बोकारो थर्मल।**

डीवीसी सीएसआर एवं डीवीसी अस्पताल की ओर से शनिवार को बोकारो थर्मल ऑफिसर्स क्लब में कम सुनने वालो के लिए शनिवार को श्रवण जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्लांट के वरीय महा प्रबंधक सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद, उपमहा प्रबंधक बीजी होलकर, बोकारो थर्मल अस्पताल स्वास्थ्य विभाग के उपमहाप्रबंधक डॉ.एसके झा, गोविंदपुर डी पंचायत की मुखिया चांदना मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यहां बोकारो थर्मल सहित आस पास के लगभग दो सौ पंचास कम



सुनने वाले महिला पुरुष मरीजों का निःशुल्क कान की जांच किया गया। जांचोपरांत के बाद 70 लोगो के बीच निःशुल्क कान की मशीन का वितरण किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने कहा की शरीर का कोई भी अंग ठीक से काम न करे तो काफी परेशानी होती है। कान भी महत्वपूर्ण अंग है जिसकी भी नियमित जांच जरूरी है। कहे की डीवीसी सीएसआर की ओर से शिविर आयोजित कर वैसे जरूरतमंद गरीबों के बीच श्रवण यंत्रों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है जिन्हे इसकी अतिआवस्यकता है। वही डीवीसी सीएसआर के उप महा प्रबंधक बीजी होलकर ने कहा कि सीएसआर की ओर से निःशुल्क श्रवण जांच एवं श्रावण यंत्र का वितरण किया गया। डीवीसी के ओर से इस तरह के सामाजिक कार्य सदेव किए जाते रहे हैं। ताकि गरीब व जरूरत मंद लोगो को लाभ मिल सके। इस अवसर पर ईएनटी डॉ. एसएन शर्मा, बोकारो थर्मल अस्पताल के एमएस सह उपमहाप्रबंधक स्वास्थ्य विभाग के डॉ.एसके झा, गोविंदपुर डी पंचायत की मुखिया चांदना मिश्रा , टेक्नीशियन योगेश, कृष्णा कुमार, मो.कलीम अंसारी, मो.सिद्दीकी अंसारी, भैरव महतो, सुष्मिता सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे मंचसंचलन हिन्दी अधिकारी रवि सिन्हा ने किया।

## बिरहोर परिवारों की समस्या से निजात दिलवाने का पुर्व विधायक योगेंद्र महतो ने आश्वासन दिया

● **पुर्व विधायक योगेंद्र महतो ने बिरहोर परिवारों से मिला**

**पेटरवार ।** झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखंड अंतर्गत सियारी पंचायत के बिरहोर टंडा पहुंचे। बिरहोर परिवारों की सुध लेते हुए उन्होंने सभी से हालचाल लिया और एक एक कर सभी से बस्ती में व्याप्त समस्याओं को जाना। उन्हें बिरहोरों ने बताया कि पेयजल, बिजली और आवास की समस्या से काफी परेशानी होती है। अध्यक्ष सह पूर्व विधायक ने यथाशीघ्र उपायुक्त बोकारो से बात कर उक्त सभी समस्याओं के स्थायी समाधान करवाने का विश्वास दिलाया। इसके साथ साथ, झारखंड सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ दिलाने का भरोसा दिया। मौके पर मुखिया रामवृक्ष मुर्मू आदि उपस्थित थे।



## पेंशन दिव्यांगता शिविर में 503 लोग हुए शामिल,चास सीएचसी में जुटे लोग

● **उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में लग रहा शिविर, हो रहा ऑन स्पॉट निष्पादन**

**बोकारो।**

उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर आगामी 15 जुलाई तक अलग अलग प्रखंडों में पेंशन दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को पेंशन दिव्यांगता शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चास में आयोजन किया गया है। जहां काफी संख्या में ग्रामीण आमजनों ने पेंशन से संबंधित समस्याओं को रखा। वहीं, दिव्यांगजनों ने अपनी दिव्यांगता की जांच कराई। शिविर में आम जनों का स्वास्थ्य जांच भी स्थानीय चिकित्सक एवं टीम द्वारा किया गया। आज शिविर में कुल 111 दिव्यांगजनों ने जांच कराया, जिसमें 40 फीसदी से ज्यादा दिव्यांगता वाले 50 दिव्यांगजन को चिन्हित किया गया। 18 लोगों ने आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल एनिमिया जांच 79 लोगों ने, आभा कार्ड निर्माण 45



लोगों ने, फइलेरिया जांच 20 लोगों ने, हाईपर टेंशन एवं ब्लड सुगर की जांच 105 लोगों ने करवाया। परिवार नियोजन से संबंधित 75 लोगों के बीच सामग्री वितरित की गई एवं जनरल ओपीडी में 50 लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाया। सोमवार को पेंशन दिव्यांगता शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नावाडीह में किया जाएगा।

वहीं, जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 29 जून 2024 तक जारी रहेगा। इसी क्रम में शनिवार को भी जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में शिविर का आयोजन किया गया। जहां खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल झ खारिज के लिए आवेदन प्राप्त किए गएं। शिविर में भूमि संबंधित अन्य समस्याओं का भी निराकरण संबंधित अंचल के अंचलाधिकारियों द्वारा किया गया। साथ ही, अग्रतर कार्रवाई के लिए आवेदन प्राप्त किया गया। शिविर में काफी संख्या में आमजन शामिल हुए। चास अंचल कार्यालय स्थित शिविर का डीसीएलआर चास प्रभास दत्ता ने जायजा लिया।

उधर, परिवहन विभाग की टीम ने कसमार प्रखंड सभागार में शिविर का आयोजन किया। जहां ड्राइविंग लाइसेंस, सड़क सुरक्षा, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022, झारखंड गुड सेमेरिटन पॉलिसी 2020 एवं हिट एंड रन से संबंधित आवेदन आमजनों से प्राप्त किया गया। सोमवार को नावाडीह प्रखंड सभागार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी शिविरों में आमजनों की भीड़ उमड़ रही है। आमजनों की समस्याओं का ऑन स्पॉट निष्पादन हो रहा है।

## पर्यावरण संरक्षण की दिशा की ओर अग्रसर उसरी बचाव अभियान प्रगति की राह पर




**गिरिडीह।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अग्रसर उसरी बचाव अभियान निरंतर प्रगति की राह पर चल पड़ा है।इस अभियान को जहां प्रशासन द्वारा संस्तुति प्रदान करते हुए साझेदारी कर हाथ बटाए जा रहे हैं,वहीं अब अन्य सामाजिक संगठनों से भी तालमेल किए जाने के परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं। वृक्षारोपण को लेकर उसरी बचाव अभियान द्वारा चलाए जा रहे अभियान को जन मेघा फाउंडेशन ने दर्जनों पेड़ भेंट किया। मेघा फाउंडेशन की डायरेक्टर प्रियंका शर्मा व सदस्य अमन शर्मा, अमिताभ मिश्रा, विवेक सिंह और विशाल मिश्रा के शनिवार को सर्किट हाउस में उसरी बचाव अभियान के राजेश सिन्हा और राजधनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव को दर्जनों पेड़ उपहार स्वरूप लगाने को दिए। इस दौरान प्रियंका शर्मा ने कहा कि उसरी बचाव अभियान पर्यावरण संरक्षण को लेकर अच्छा काम कर रहा है। जल्द ही वृक्षारोपण के लिए सैकड़ों पौधे गिफ्ट करेंगे।

मौके पर मौजूद पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि उसरी बचाओ अभियान के द्वारा एक अच्छी पहल की गई है। इसमें आम और खास लोगो को खुलकर आगे आने की जरूरत है। वहीं अभियान के राजेश सिन्हा ने फाउंडेशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे संगठन को अभार करते हैं।

## अधिवक्ता के निधन पर शोक सभा


**बोकारो।**

बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के नियमित सदस्य कृष्ण मुरारी सहाय का शुक्रवार को तड़के निधन हो गया।अधिवक्ता कृष्णा मुरारी सहाय के निधन पर बोकारो कोर्ट परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। उनके सम्मान में अधिवक्तावो ने कोर्ट में न्यायिक कार्य से अपने को अलग रखा। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने बताया कि बोकारो के सेक्टर 3 डी निवासी अधिवक्ता कृष्ण मुरारी सहाय ए ठङ्क. 710/2009, पिता सिद्धेश्वर लाल का शुक्रवार को निधन हो गया । वे बोकारो स्टील प्लांट से सेवानिवृत हुए थे उसके बाद 2009 से विधि व्यावसाय कर रहे थे। वे 75 वर्ष के थे। वे अपने पीछे तीन बेटियां छोड़ गए है। ये मूलतः सिवान के रहने वाले थे। स्व सहाय के आकस्मिक निधन पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा एक शोक सभा का आयोजन कर अधिवक्ताओं ने शोक जताया है। इंडियन एसोसियेशन ऑफ़ लॉयर्स द्वारा आहूत श्रद्धांजलि सभा में अधिवक्ता सोमनाथ शेखर, अतुल कुमार, राज श्री, संजीव ओझा, बिनोद कुमार सिंह, दिनेश प्रसाद शर्मा, संजीत कुमार सिंह, मो. हसनैन आलम, दीपिका सिंह, शंकर दे, संजय कुमार प्रसाद, फटिक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, कमल कुमार सिन्हा, वंशिका सहाय, सुकमती हेसा, बबिता कुमारी, सुनील चांडक, धनजी चौधरी, विभा कुमारी, ज्योति प्रकाश चौधरी, बिभू चट्टोपाध्याय, दीप्ति सिंह, रीना कुमारी, रामावती कुमारी, विकाश प्रजापति, कौशल किशोर, अखिलेश कुमार, इंद्रनील चटर्जी, निखिल कुमार डे, सुभाष नायक, अंकित ओझा, राणा प्रताप , विष्णु चरण महाराज, धुर्वेश्वर मंडल, अशोक कुमार पांडेय, संदीप पूर्ती, राणा प्रताप शर्मा, हिमांशु शेखर, बिष्णु प्रसाद नायक, प्रीति श्रीवास्तव, कमल कुमार सिन्हा, गोविंद नारायण सिंह, मिथलेश कुमार, अशोक कुमार यादव समेत सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद थे।

न्यूज अपडेट

## किशनगंज में कार की तलाशी लेते ही चौंक गई बिहार पुलिस, 3 गिरफ्तार

- कार तलाशी के दौरान 47 लाख रुपये बरामद किया गया



**किशनगंज।** किशनगंज के टाउन थाना की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर रामपुर चेकपोस्ट के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान कार से 47 लाख रुपये मिले हैं। बिहार के किशनगंज में शुक्रवार (21 जून) की देर रात कार की तलाशी के दौरान एक साथ 47 लाख रुपये मिले जिसे देखकर बिहार पुलिस भी चौंक गई। किशनगंज के टाउन थाना की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर रामपुर चेकपोस्ट के पास जांच कर रही थी। इसी दौरान एक कार से ये लाखों रुपये मिले. इसके बाद पुलिस ने कार सवार तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## नरेंद्र मोदी सरकार बच्चों के भविष्य के साथ कर रही हैं खिलवाड़ : डॉ. जावेद आजाद




**किशनगंज ।** सीमांचल जिला किशनगंज के कांग्रेस सांसद लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि नीट परीक्षा के क्वेचन पेपर लीक हो जाना मोदी सरकार के लिए शर्मिंदा की बात है। जिस जिस राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार है वहीं क्वेचन पेपर लीक हो जाती है। एक मामला गुजरात में हुआ तो दूसरा मामला बिहार के पटना की है। केंद्र में चल रही नरेंद्र मोदी सरकार देश के लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। लगभग 11 लाख अभ्यर्थी थे जिसमें 9 लाख परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल भी हुए। कोई भी परीक्षार्थी परीक्षा की तैयारी के लिए और परीक्षा देने के लिए पूरा परिवार मेहनत और तैयारी करती है। कोई छात्रों ने 500 किलोमीटर तो कोई 1000 किलोमीटर दूर परीक्षा की तैयारी कर परीक्षा देने के लिए जाता है। सांसद जावेद बोले मैं - मीडिया के माध्यम से मोदी जी से पूछना चाहता हूं कि मोदी जी आप हमारे बच्चों के साथ, देश भर के बच्चों के साथ, उनके भविष्य के साथ क्यों खिलवाड़ कर रहे हैं। मामला 100 या 200, बच्चों और परिवार का नहीं है। लगभग 10 लाख छात्राओं का मामला है जिनका करोड़ों खर्च हो चुका है और कीमती समय भी बर्बाद हो चुका है।

## 2024 श्रावणी मास के समय प्रत्येक सोमवारी को जगह-जगह शिविर लगाकर डाक बंमो का सेवा किया जाऐगा ,पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव



**भागलपुर (बिहार) ।** दुनिया का सबसे लंबा धार्मिक मेला भगवान शिव का परंपरिया सावन का पवित्र महीना में ज्योतिर्लिंग राजेश्वरी महादेव पर गंगाजल के अभिषेक करने की शक्तियां पुरानी परंपरा चली आ रही है। पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव ने बताया कि सावन के अवधि के दौरान लाखों श्रद्धालु बाबा बैजनाथ मंदिर में इकट्ठा होते हैं। उनमें से ज्यादातर लोग सबसे पहले सुल्तानगंज आते हैं। 105 किलोमीटर की दूरी तय कर देवघर बाबा के शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। संरक्षक भविष्य यादव ने कहा कि बस चंद दिन और 22 जुलाई से शुरू हो रहा है विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला। 2024 श्रावणी मेला प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार अधिक भक्ति भाव देखा जाएगा। महामंत्री देवाशीष बनर्जी कहते हैं सुल्तानगंज उत्तर वाहिनी गंगा तट पर श्रावणी मेला के समय का नजारा देखने लायक होता है। पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव कहते हैं श्रवण मेला जिसे श्रावण मास मेले के रूप में भी जाना जाता है हिंदू धर्म में श्रवण जुलाई अगस्त के महीने में होने वाला एक महत्वपूर्ण धार्मिक समागम या मिला है श्रावण मास को विशेष रूप से भगवान शिव के भक्तों के लिए शुभ माना जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी सावन के प्रत्येक सोमवारी को समिति अध्यक्ष पप्पू यादव खुद अपने टीम के साथ जाकर जगह-जगह शिविर लगाकर फल फ्रूट शरबत नींबू पानी के साथ-साथ अन्य चीजों का भी वितरण इस बार सावन में सोमवारी को डाक पीएमओ का सेवा इनके द्वारा किया जाएगा । मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव, संरक्षक भावेश यादव, महामंत्री देवाशीष बनर्जी, मोहम्मद सिकंदर, कलीम, जियाउर रहमान, लकी राज, समाजसेवी नीतू देवी सभी मौजूद रहते हैं।

## बिहपुर , शक्तिपीठ मां बाम काली की प्रांगण में हाईमास्क लाईट जल्द ही लगेगा: भागलपुर सांसद अजय मंडल

**बिहपुर/ भागलपुर।** प्रखंड के अंतर्गत बिहपुर में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ के नाम से विख्यात मां वाम काली मंदिर के समीप हाईमास्क लाईट लगेगा। शनिवार को यह जानकारी देते हए बिहपुर मध्य के मुखिया मनोज लाल व नवगछिया भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ज्ञानदेव मोदी ने बताया कि शुक्रवार को बिहपुर पहुंचने पर ग्रामीणों की मांग पर सांसद अजय मंडल ने कहा कि दो माह के अंदर उक्त जगह पर हाईमास्क लाईट लग जाएगा।इस मौके पर विधायक ई.शैलेंद्र समेत बिहपुर,नारायणपुर व खरीक प्रखंड समेत पुलिस जिला एनडीए घटक दल के लगभग सभी जिला से लेकर प्रखंडस्तरीय नेता समेत कई पंचायतों के मुखिया व सरपंच आदि भी मौजूद थे।वहीं सांसद ने बिहपुर बाजार में पैदल घूम घूमकर व्यवसायियों से भेंटकर उनसे बात भी किया।

# जल जीवन मिशन व मनरेगा अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

### पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता को मद्देनजर रखते हुए जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों को करें तथा नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति जानकारी लें: उपायुक्त

**गिरिडीह।**




गिरिडीह समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में शनिवार को जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत अभियान की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही ज्यादा से ज्यादा ओडीएफ प्लस सरंचनाओ यथा सामुदायिक सोकपिट, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट पीट, ट्रेंच का निर्माण (मल कचरा प्रबंधन) भस्मक निर्माण माहवारी स्वच्छता प्रबंधन करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को बेहतर प्रबंधन के साथ पेयजलापूर्ति हेतु आवश्यक निर्देश दिया। वहीं बैठक में उपायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत ओडीएफ प्लस व अन्य कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता में गुणवत्ता पूर्वक अपने कार्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन हो, ताकि लोगों को उचित लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा सकें। बैठक में उपरोक्त के आलावा उप विकास आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल 1/2 समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## धनबाद पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग से ठगी करनेवाले 3 साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

**श्रमबिंदु/ धनबाद । सिंदरी।**



- **झरिया में हुई गिरफ्तारी, 1 करोड़ ट्रांजेक्शन के दस्तावेज मिले**

ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से लोगों को ठगने वाले तीन शातिर साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उसके पास से मिले पासबुक में एक करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन का पता चला है, यह मामले की जानकारी देते हुए सिंदरी डीएसपी भूपेन्द्र प्रसाद राउत ने शनिवार को बताया कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि झरिया के बनियाहीर 10 नंबर निवासी रविरंजन कुमार ठाकुर कुछ लोगों के साथ मिलकर ऑनलाइन गेमिंग के जरिए साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है, वह फर्जी एटीएम व सिम कार्ड बनाकर लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहा है, इसके बाद सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर छापामारी कर रविरंजन ठाकुर व उसके दो साथियों किशोर कुमार सिंह व सुहैल अली अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया, उनके पास से मोबाइल फोन, फर्जी एटीएम व सिम क्यूआर कोड, बैंक पासबुक, चेकबुक समेत अन्य कागजात बरामद किए गए हैं. जांच में तीनों अभियुक्तों के खाते से एक करोड़ रुपए से अधिक के ट्रांजेक्शन के दस्तावेज मिले हैं, जांच में यह भी पता चला है कि गिरोह का मास्टर माइंड राज्य व देश से बाहर रहकर कर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिलाता है, छापेमारी में एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, झरिया थाना प्रभारी व जवान शामिल थे।

## भागलपुर के लगातार दूसरी बार चुने जाने के बाद सांसद अजय कुमार मंडल बिहपुर प्रखंड के सोनवर्षा पहुंचे



**बिहपुर/भागलपुर।** भागलपुर के लगातार दूसारी बार चुने जाने के बाद सांसद अजय कुमार मंडल शुक्रवार की देरशाम बिहपुर प्रखंड के सोनवर्षा पहुंचे थे।जहां प्रखंड के सोनवर्षा गांव में अजय उर्फ लाली कुंवर के अगुवाई में उनका ग्रामीणों के द्वारा पूरे गर्मजोशी के साथनागरिक अभिनंदन हुआ।इस मौके पर ग्रामीणों ने सांसद अजय मंडल समेत नवगछिया पुलिस जिला जदयू के पूर्व अध्यक्ष विरेंद्र सिंह,चंदेश्वरी सिंह,जिला प्रवक्ता मिलन सागर,मुरारी मंडल,संदीप कुमार व नरेश मंडल आदि को भी सम्मानित किया गया।इस मौके पर सांसद आमजन से सीधा संवाद भी किया।इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हमलोग प्रत्येंक बाढ़ आने के संभावित खतरा के भय के बीच जीवन जीने को रहते विवश हैं।ग्रामीणों ने कहा कि हमलोगों को बाढ़ से बचाने वाली लत्तीपुर-नरकटिया-रामनगर-नन्हकार जमींदारी11 किमी लंबा गंगा तटबंध बाढ़ संकट से बचाता है।अगर इस 11 किमी जमींदारी तटबंध पर कालीकरणयुक्त सड़क व रीवर साईड बोल्डर पीचिंग करा दिया जाए तो न सिर्फ तटबंध मजबूत हो जाएगा।बल्कि बाढ़ आने के संकट का स्थाई समाधान भी हो जाएगा।साथ ही उक्त सड़क नन्हकार एनएच31 के पास भागलपुर जाने के एक बाईपास सड़क के रूप में विकसित हो जाएगा।इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण उर्फ फोर्ड,जदयू के जिला महासचिव शिवशंकर चौधरी,पूर्व सरपंच प्रतिनिधि शिवनंदन कुंवर,अखलेश कुंवर,नंदकिशोर उर्फ गुरूदेव कुंवर,मृत्युंजय उफ लूलन कुंवर आदि समेत सरोज चौधरी,गुड्डू कुमार,राकेश कुमार,अंकित चौधरी व उपमुखिया राहुल कुमार समेत एनडीए घटक दल के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं बड़ी संख्या में किसानों ने सोनवर्षा गंगा दियारा सिंचाई हेतू बिजली कनेक्शन देने के साथ बिजली आपूर्ति भी बहाल कराने की दिशा में ठोस कराने की मांग किया।इसके अलावा भी ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष पूरे गांव के हित से जुड़े समस्याओं के निदान हेतू सांसद के समक्ष अपनी बातों को रखा।ग्रामीणों की मांग पर सांसद ने संबधित विभाग के पदाधिकारी व मंत्री से मिलकर साकारात्मक पहल करने की बात कही।

## प्रेमी के साथ दो बच्चों की मां पकड़ाई, थाने पहुंचा मामला

**धनबाद ।**

जोगता थानांतर्गत मोदीडीह बस्ती निवासी दो बच्चों की मां शनिवार को पड़ोस में ही रहने वाले अपने प्रेमी के साथ भागने का प्रयास कर रही थी। धनबाद जिले के जोगता थानांतर्गत मोदीड-ीह बस्ती निवासी दो बच्चों की मां शनिवार को पड़ोस में ही रहने वाले अपने प्रेमी के साथ भागने का प्रयास कर रही थी। लेकिन गांव वालों ने दोनों को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाना बुलाया। थाने में युवती के पति ने उसे घर ले जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद प्रेमी युवक सूरज उसे अपने साथ घर ले गया।

- **1 साल में तीन बार अपने प्रेमी के साथ भाग चुकी है युवती**

मामले में पति ने बताया कि उसकी शादी 2014 में कोडरमा जिले के जयनगर में हुई थी। उसे दो बच्चे भी हैं। पत्नी एक साल में तीन बार अपने प्रेमी के साथ भाग चुकी है। सामाजिक स्तर पर समझौता के बाद उसने उसे घर में जगह दी थी। लेकिन अब ऐसा नहीं करेगा। वहीं, प्रेमी सूरज ने कहा कि उसने युवती के साथ सबके सामने शादी कर ली है।

# फुटपाथ दुकानदारों को अतिक्रमण करना गलत: सीटू

### नगर निगम के दुकानों को रसूखदारों को किया गया है आवंटित:- सीटू

**संवाददाता।**

**हजारीबाग।** सी पी एम नेता गणेश कुमार सीटू ने फुटपाथ दुकानदारों को अतिक्रमणकारी कहे जाने पर रोश व्यक्त करते हुए कहा है, कि अनेक बार की तरह इस बार भी हजारीबाग शहर में गरीब फुटपाथ दुकानदारों को उजाड़ दिया गया। ये पहली बार नहीं, दर्जनों बार हो चुका है। लेकिन जो अस्थाई रूप से नगर निगम के अंदर अतिक्रमण करके व्यवसाय कर रहे हैं। उन पर आज तक नगर निगम का ध्यान दिया ही नहीं या कहें की उधर जानबूझकर नगर निगम के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। फुटपाथ दुकानदारों को अतिक्रमणकारी कहना सरासर गलत है। नगर निगम को केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया कानून पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनियमन ) अधिनियम 2014 को पढ़ना चाहिए। इस अधिनियम के तहत नगर निगम द्वारा सर्वेक्षण के बाद जिन फुटपाथ दुकानदारों को प्रमाण पत्र दिया गया है। उसको हटाना सरासर गलत है। यह फुटपाथ दुकानदार छोटे-छोटे व्यवसाय करके अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। जो शहर को आबाद रखते हैं। ऐसे में इनको बिना प्लानिंग का हटाना गलत है।सनद रहे की वेल्थ ग्राउंड के दीवाल के पास इन फुटपाथ दुकानदारों के लिए दर्जनों की संख्या में टीन सेट का दुकान बनाया गया था। जो आज तक धूल फाक रहा है। नगर निगम उसमें अपना पैसा बर्बाद किया है। नगर निगम द्वारा बनाई गई दुकानों को लाखों रुपया में रसूखदारों को आवंटित कर दिया जाता है। नगर निगम द्वारा बनाई गई तमाम दुकानों का आवंटन की प्रक्रिया को स्वतंत्र एजेंसी से जांच करवाने पर पता चलेगा कि इसमें भी बहुत बड़ा घोटाला हुआ है। एक भी फुटपाथ दुकानदारों को दुकान नहीं मिला। इसलिए पार्टी जिला कमेटी नगर निगम से मांग करती है की फुटपाथ दुकानदारों को हटाए जाने पर पुनर्विचार करते हुए उनके जीविका के साधन को स्थाई करने का एक समाधान निकालने की पहल करना चाहिए।



# बोरिंग को लेकर उत्पन्न विवाद में हत्या कर तेजाब डाल पहचान छुपाने की कोशिश

**गिरिडीह।**



जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर बरमसिया में 35 वर्षीय व्यक्ति संदीप मंडल की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बीते शुक्रवार की रात लगभग 9:30 बजे संदीप का शव उसके घर से महज 50 मीटर की दूरी पर पड़ा मिला।

मृतक के चाचा फागू मंडल ने बताया कि शुक्रवार को संदीप मंडल अपने नए मकान का काम करा रहा था। इसी दौरान दोपहर में जब मजदूर खाना खाने चले गए तो निर्माणाधीन मकान पर वह अकेला रह गया। थोड़ी देर बाद जब सभी मजदूर और राजमिस्त्री खाना खाकर वापस कार्य स्थल पर लौटे तो देखा कि संदीप वहां नहीं था लेकिन उसकी बाइक वहीं खड़ी थी।

मजदूर और राजमिस्त्री ने सोचा कि संदीप कहीं आसपास गया होगा। इसी दौरान बारिश होने लगी। बारिश समाप्त होने के बाद भी संदीप वापस नहीं आया। तब मजदूर और राजमिस्त्री ने इसकी सूचना परिवार वालों को दी। परिजन भी उसकी खोजबीन शुरू की गई। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। यहां तक कि संदीप का मोबाइल भी बंद मिल रहा था। इस बीच रात करीब साढ़े नौ बजे घर से पचास मीटर की दूरी पर संदीप का शव पड़ा मिला।

संदीप का शव को देखने से ऐसा प्रतीत हुआ कि उसकी हत्या कर हत्यारों ने उसका शव वहां लेकर फेंक दिया। वहीं हत्या के दौरान संभवतः हत्यारों ने उस पर तेजाब भी डाला था।

घटना की सूचना मिलने पर मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो सदल-बल घटना स्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।

इस दौरान मृतक के चाचा फागू मंडल ने बताया कि बीते 31 मई को बोरिंग को लेकर हुए विवाद हुआ था।उस दौरान प्रयाग मंडल, लक्ष्मण मंडल, तेजलाल मंडल, सुनील मंडल, राजू मंडल, निर्मल मंडल व अन्य ने पहले गाली-गलौज किया और फिर हमला कर दिया था। इस घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद दूसरे पक्ष के लोगों की गिरफ्तारी नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हीं लोगों ने इस हत्या की घटना को अंजाम दिया है।पुलिस शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई।

स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com